तापमान
अधिकतम -28.1 डिग्री न्यूनतम-26 डिग्री

बिजनौर, बुधवार
25 जुलाई 2018

संस्थापक: बाबूसिंह चौहान

बिजनौर टाइम्स

14 नवम्बर 1963 को स्थापित

अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं मुअज्जमपुर नारायण क्षेत्रवासी 3

पुलिस ने किया लोकेश की हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार 5

सीआरपीएफ गश्ती दल पर आतंकी हमला

श्रीनगर, 24 जुलाई। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में मंगलवार को आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के एक गश्ती दल पर हमला कर दिया। इसमें 1 जवान शहीद हो गया, जबकि दो घायल हुए हैं। हमले में अर्धसैनिक बल की 23वीं बटालियन के शंकरलाल घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, इलाके का तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस का संयुक्त दस्ता श्रीनगर के बाटमालू इलाके में स्थित अग्निशन केंद्र के समीप गश्त पर था, उसी दौरान आतंकवादियों ने उनपर हमला बोल दिया। इसमें एक जवान शहीद जबकि दो घायल हो गए। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद भागने में कामयाब रहे। बता दें कि जम्मू कश्मीर इस तरह की छिटपुट घटनाओं के बीच राज्यपाल एनएन वोहरा ने राज्य की स्थिति को लेकर संतोष जता चुके हैं।

E-mail:bijnor_times@yahoo.co.in www.bijnortimes.in वर्ष-55 अंक -251 पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 1.50

स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि में 80 फीसदी की कमी-गोयल

नयी दिल्ली, 24 जुलाई। सरकार ने आज कहा कि वर्ष 2013 से 2017 के दौरान स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि में 80 फीसदी की कमी आयी है और 246.8 करोड़ डॉलर से घटकर 52.4 करोड़ डॉलर पर आ गयी और वर्ष 2017 में इसमें 34.5 फीसदी की गिरावट आयी। वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने आज राज्यसभा में स्विस बैंकों में भारतीयों के जमा धन राशि दोगुनी होने संबंधी मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया और कहा कि इसके विपरीत पिछले वर्ष इन बैंकों में भारतीयों की जमा राशि और ऋण में 34 फीसदी की कमी आयी है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बेबुनियाद मीडिया रिपोर्टों के आधार पर देश में भ्रम फैलाया जा रहा है कि स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि दोगुना हो गयी है। उन्होंने कहा कि स्विस अधिकारियों ने इन रिपोर्टों के बारे में लिखित जवाब भेजा है और कहा है कि इनमें आंकड़ों का गलत आंकलन किया गया है। इस बीच वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने स्विटजरलैंड के राजदूत के पत्र के आधार पर कहा कि वर्ष 2014 में स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन घटकर 223.4 करोड़ डॉलर रहा जो वर्ष 2015 में घटकर 144.7 करोड़ डॉलर पर आ गया। वर्ष 2016 में यह घटकर 80 करोड़ डॉलर पर आ गया और वर्ष 2017 में तो यह 52.4 करोड़ डॉलर पर आ गया। सूत्रों ने कहा कि स्विस बैंकों के आंकड़ों का गलत आंकलन किया गया क्योंकि इसमें भारत में स्थित स्विस बैंकों के गैर जमा कारोबारी देनदारियों भी शामिल है। श्री गोयल ने सदन को बताया कि स्विस अधिकारियों ने कहा भारतीय निवासियों की स्विस वित्तीय संस्थानों में जमा धनराशि के बारे में स्विस नेशनल बैंक द्वारा प्रकाशित आंकड़ों का भारतीय मीडिया में नियमित रूप से विश्वसनीय संकेतों के तौर पर उल्लेख किया जाता है। प्राय: इन मीडिया रिपोर्टों में उन तरीकों पर ध्यान नहीं दिया जाता जिनके आधार पर आंकड़ों की व्याख्या की जाती है। इसका परिणाम भ्रामक हेडलाइन और व्याख्या के रूप में सामने आता है। अक्सर यही माना जाता है कि भारतीय निवासियों की वहां जमा राशि और संपत्ति अघोषित है जिसे कथित काला धन कहा जाता है। श्री गोयल ने बताया कि स्विस अधिकारियों ने यह भी कहा स्विटजरलैंड में भारतीय निवासियों की जमा धनराशि का विश्लेषण करने के लिए आंकड़ों के एक अन्य स्रोत का इस्तेमाल किया जाना चाहिए जिसे कथित 'लोकेशनल बैंकिंग स्टेटिस्टिक्स' कहा जाता है। स्विस नेशनल बैंक इन आंकड़ों को बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के सहयोग से एकत्र करता है।

पमड़ावली में दो पक्षों में चली गोली,एक मरा और तीन घायल

बिजनौर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पमड़ावली उर्फ फरीदपुर मान में बीती रात दो पक्षों में हुई गोलीबारी में एक आदमी की दुखद मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गये।

मृतक के पिता धर्मवीर ने 4 लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए दो लोगों को मंगलवार की दोपहर बिजनौर रोड से गिरफ्तार किया है। दो आरोपियों की तलाश में पुलिस ने कई जगह दबिश भी दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पमड़ावली उर्फ फरीदपुर मान में पुरानी रंजिश के चलते सोमवार की रात्रि को गांव में दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। लगभग आधा घंटा तक फायरिंग हुई, जिसमें 45 वर्षीय गजेंद्र उर्फ बब्बू पुत्र धर्मवीर सिंह की गोली लगने से मौत हो गई। घटना में गजेंद्र के पिता धर्मवीर व मां दुलारी को भी चोट आई है, जबकि दूसरे पक्ष से एक युवक विपिन उर्फ पिंकी पुत्र राजेंद्र को चोट आई है। बताया जाता है कि गजेंद व राजेंद्र पक्ष में पिछले कई वर्षों से रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते दो साल पहले मृतक गजेंद्र के भाई कुलदीप की भी जंगल में पानी देते हुए गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें कुलदीप की हत्या का आरोप राजेंद्र पक्ष के लोगों पर आ गया था। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ करने के पश्चात अंत में कुलदीप की पत्नी की तहरीर पर कुलदीप के भाई को ही हत्या का आरोपी बताते हुए जेल भेज दिया था, लेकिन बाद में पता लगा था कि हत्या राजेंद्र पक्ष के लोगों ने की थी। तब से दोनों परिवारों के बीच दुश्मनी और ज्यादा बढ़ गई थी। एक सप्ताह पूर्व दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ था लेकिन मामला थाने तक नहीं पहुंच पाया था। गजेंद्र के परिवार का आरोप है कि बीती रात लगभग 10 बजे राजेंद्र पक्ष के लोगों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया था। इसी दौरान गजेंद्र की गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि नामजद आरोपी मनोज व नितेंद्र उर्फ छोटे को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दी जा चुकी है। जल्द ही अन्य दो आरोपी भी पुलिस की पकड़ में होंगे। गांव में शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस
44 में 29 लड़कियों के साथ रेप

मुजफ्फरपुर,24 जुलाई। मुजफ्फरपुर शेल्टर होम में 44 में से 29 लड़कियों के साथ रेप के मामले की बिहार सरकार सीबीआई जांच नहीं कराएगी, वहीं बिहार की विपक्षी पार्टियां सरकार पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगा रही हैं। डीजीपी केएस द्विवेदी ने कहा कि वे पुलिस की ओर से इस मामले में की गई जांच से संतुष्ट हैं। द्विवेदी ने कहा कि शेल्टर से बचाई गई 44 में से 42 लड़कियों की मेडिकल जांच करवाई गई। रिपोर्ट में सामने आया है कि इनमें से 29 लड़कियों के साथ रेप हुआ है। अन्य दो लड़िकयों की तबीयत सही नहीं है और इसलिए उन्हें मंगलवार दोपहर तक जांच के लिए नहीं भेजा जा सका। बता दें, मुजफ्फरपुर बालिका गृह में यौन शोषण मामले में राजद नेता तेजस्वी यादव ने सीबीआई जांच कराने की मांग की है। तेजस्वी यादव मांग की है कि इस मामले की जांच हाई कोर्ट की निगरानी में की जाए। तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं को बताया कि हम इस मामले में सीबीआई जांच कराने की अपनी मांग को लेकर अड़े हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हम चाहेंगे कि यह जांच हाई कोर्ट की निगरानी में हो। गौरतलब है कि बिहार के मुजफ्फरपुर में एक बालिका आश्रय गृह में रह चुकी एक लड़की ने आरोप लगाया था कि उसकी एक साथी के साथ रेप किया और फिर उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसे परिसर में ही दफना दिया गया। इन आरोपों के बाद बिहार पुलिस ने जांच शुरु की है और शव को ढूंढ़ने के लिए उन्होंने बालिका आश्रय गृह के परिसर की खुदाई भी की। मुजफ्फरपुर की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर ने कहा कि आरोप लगाने वाली एक लड़की ने जिस जगह की पहचान की है, वहां से अभी तक कुछ भी बरामद नहीं हुआ है, जहां पर उस लड़की के आरोप के मुताबिक एक लड़की की पीट-पीटकर हत्या कर उसके शव को दफना दिया गया था।

राहुल गांधी मुझसे गले मिलने से पहले 10 बार सोचेंगे- योगी

नई दिल्ली,24 जुलाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गले मिलने पर तंज कसा है। योगी ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी उनसे गले मिलने से पहले 10 बार सोचेंगे। योगी से जब पूछा गया कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष उनसे गले मिलना चाहेंगे, तो क्या वह उनसे गले मिलेंगे? उन्होंने इसे राजनीतिक स्टंट करार देते हुए कहा कि वह इस तरह से स्टंट स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा 'राहुल मुझसे गले मिलने से पहले 10 बार सोचेंगे।' लेकिन राहुल क्यों 10 बार सोचेंगे, इस बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा। योगी ने कहा, राहुल गांधी बचकानी हरकतें करते हैं। उनके पास अपनी बुद्धि और विवेक नहीं है। जब कोई दूसरे के विवेक और बुद्धि से काम करता है तो किसी भी प्रकार की हरकत कर सकता है। राहुल को विपक्षी गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर योगी ने उलटा सवाल किया 'क्या मायावती और अखिलेश राहुल गांधी को उम्मीदवार मानेंगे। क्या शरद पवार राहुल गांधी के कमान के अंडर काम करेंगे। विपक्षी गठजोड़ का नेता कौन है?' देश में बढ़ती मॉब लिन्चिंग की घटनाओं पर बीजेपी नेता ने कहा 'भीड़ की हिंसा को तूल दिया जा रहा है। किसी भी हाल में गो-तस्करी की इजाजत नहीं दी जाएगी।' उन्होंने कहा कि उनके राज में नागरिकों और गाय दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा 'गोरक्षा के नाम पर हत्या और अराजकता की छूट किसी को नहीं है और न आगे होगी। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। नागरिक की सुरक्षा होगी, तभी गाय की रक्षा भी होगी और गोरक्षा का सम्मान भी होगा। योगी ने कहा 'पूर्ववर्ती सपा और बसपा की सरकारों में यूपी की छवि खराब की है। सपा और बसपा की सरकारों ने प्रदेश में जो गुंडाराज फैलाया था, उससे लोग परेशान थे। निवेशक नहीं आ रहे थे। अब प्रदेश से गुंडाराज का खात्मा किया गया।

मॉब लिंचिंग पर लाया जा सकता है नया कानून-राजनाथ

नई दिल्ली,24 जुलाई। बढ़ती मॉब लिंचिंग की घटनाओं की निंदा करते हुए गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस पर सरकार चिंतित और विचारशील है और इसके जांच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी भी बनाई गई है जो चार सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि अगर जरुरत पड़ी तो ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार नया कानून लेकर आएगी। लोकसभा में सांसदों की चिंता पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गृहमंत्री ने कहा कि इसे रोकने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश दिए जा चुके हैं और सरकारें ऐसी घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई भी कर रही है।1984 दंगे को सबसे बड़ी लिंचिंग बताते हुए राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर एस मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि यह हाल ही में शुरू नहीं हुआ है बल्कि वर्षों से लिंचिंग की घटनाएं सामने आ रही हैं। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने भी संसद से मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून बनाने का सुझाव दिया था। शून्यकाल में आज इस विषय को उठाते हुए तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि मॉब लिंचिंग की घटनाएं देश में लगातार घट रही हैं और कोई भी समझादार व्यक्ति इसकी निंदा करेगा। यह जघन्य और बर्बर अपराध है। ऐसी घटनाओं का दुर्भावना से प्रेरित कुछ लोग फायदा उठा रहे हैं।

कस्टडी में हुई रकबर की मौत-कटारिया



नई दिल्ली,24 जुलाई। राजस्थान के अलवर में हुई रकबर मॉब लिचिंग मामले में सोमवार को पुलिस ने माना कि उनसे लापरवाही हुई है। पुलिस के बाद अब राज्य सरकार ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया है कि रकबर की मौत पुलिस कस्टडी में ही हुई और इस मामले की न्यायिक जांच करायी जायेगी। राजस्थान गृह मंत्री गुलाब चंद कटारिया ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि इस घटना में अब तक जितने भी सबूत मिले हैं उनके हिसाब से रकबर की जान पुलिस कस्टडी में ही गई है। उन्होंने कहा कि हमने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को इस मामलें की जांच शुरू करने के लिये लिखा है। गुलाब चंद ने कहा कि पुलिस ने रकबर को हॉस्पिटल ले जाने में बहुत वक्त जाया कर दिया जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान हमें पता लगा कि पुलिस वालों ने पहले गायों को गौशाला में छोड़ा उसके बाद रकबर को हॉस्पिटल ले गए। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। उन्हें पहले रकबर को अस्पताल ले जाना चाहिए था। आगे की मामले की अभी जांच की जा रही है। गृह मंत्री ने बताया कि हम पीड़ित के परिवार से मिले। इस मामले में जो भी जांच की जा रही है परिवार उस जांच से संतुष्ट है। हमने उनसे कहा कि इस बारे में और भी कुछ बताने के लिए अगर वो हमारे पास आन चाहें तो वो कभी भी आ सकते हैं। रकबर की रिपोर्ट में सामने आया है कि उसकी मौत सदमे से हुई है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से लिखा है कि रकबर की मौत उसक शरीर में बार-बार चोट लगने और उससे पहुंचे 'सदमे' की वजह से हुई है।

झटका: सम्मानजनक सीटें मिलेंगी तभी होगा गठबंधन-मायावती

नई दिल्ली, 24 जुलाई। बसपा प्रमुख मायावती ने आज कहा कि सम्मानजनक सीटें मिलने पर ही वह किसी दल से आने वाले वक्त में गठबंधन करेंगी। मायावती ने अपनी पुरानी मांग दोहराते हुए कहा कि केंद्र में गठबंधन की सरकार होनी चाहिए जिससे की केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहता है। उन्होंने कहा है कि केंद्र में मजबूत नहीं, मजबूर सरकार होनी चाहिए। केंद्र में पूर्ण बहुमत वाली मोदी सरकार पर गैर जिम्मेदराना व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि जिम्मेदारी अधिक होने से गठबंधन की सरकार पर ज्यादा दबाव होता है और ऐसे में वह सरकार सभी की बात सुनती है। इसके अलावा बसपा प्रमुख ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी सरकार को अपरिपक्व फैसले लेने के लिए याद किया जाएगा जिससे मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं में वृद्धि हो रही है और भीड़ निर्दोष लोगों का पीट-पीट कर हत्या कर रही है।

भारत-रवांडा के बीच आठ समझौते, शीघ्र खुलेगा भारतीय उच्चायोग

किगाली, 24 जुलाई। भारत और रवांडा के बीच अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अफ्रीकी देश में शीघ्र ही भारतीय उच्चायोग खोले जाने की घोषणा की है। श्री मोदी तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा के पहले पड़ाव पर सोमवार शाम यहां पहुंचे और इसके साथ ही रवांडा की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गये। दोनों देशों ने चमड़ा एवं इससे संबद्ध क्षेत्रों और कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। दोनों देशों के बीच शिष्टमंडल स्तर की वार्ता के दौरान भारत ने किगाली में विशेष आर्थिक क्षेत्र और तीन कृषि परियोजनाओं के लिए 20 करोड़ डॉलर ऋण देने की पेशकाश की। भारत कई औद्योगिक पार्क के विकास और रवांडा में किगाली विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के लिये 10 करोड़ डॉलर तथा कृषि के लिये 10 करोड़ डॉलर को रवांडा को कर्ज देगा। श्री मोदी ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस किगाली में शीघ्र भारतीय उच्चायोग खोले जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत शीघ्र ही रवांडा में अपना उच्चायोग खोलेगा जिससे न केवल दोनों देशों के बीच संवाद का रास्ता प्रशस्त होगा बल्कि दोनों देशों की सरकारों को पासपोर्ट और वीजा से संबंधित काम काज करने में भी सुविधा होगी।

काले धन पर राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही स्थगित

नयी दिल्ली, 24 जुलाई। स्विस बैंकों में भारतीयों के काले धन के बारे में वित्त मंत्री पीयूष गोयल के जवाब से खिन्न तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। तृणमूल कांग्रेस के सुखेन्दू शेखर राय ने कहा कि वर्ष 1994 से लेकर 2018 तक केंद्र की विभिन्न सरकारों ने अलग-अलग चार समझौते किये हैं। क्या वित्त मंत्री ये बतायेंगे कि स्विस बैंकों में भारतीयों का कितना काला धन जमा है और सरकार ने कितने मामलों में अब तक कार्रवाई की है तथा हर नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये की राशि कब तक जमा हो जायेगी? श्री गोयल ने कहा कि लगता है सदस्य के पास सरकार से ज्यादा जानकारी है। यदि सदस्य यह जानकारी सरकार को दे तो इन मामलों में कार्रवाई की जायेगी।

अरे ओ ललुआ...



"अरे ओ ललुआ!"
"हां, बापू!"
" कुछ सुना तूने?"
" क्या बापू?"
"देश में कहीं गौ तस्करी तो कहीं बच्चा चोरी के आरोप में भीड़ लोगों को पीट-पीटकर मार डालती है।"
"बापू! मोदी राज में लोकतंत्र पर भीड़तंत्र हावी हो गया होगा।"
"हां, बेटा ऐसा ही होगा।"

ग्रेटर नोएडा से दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, 24 जुलाई। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र से पश्चिम बंगाल पुलिस और यूपी एटीएस ने दो संदिग्ध बांग्लादेशी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आतंकवादी संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के सदस्य बताए जा रहे हैं। बंगाल पुलिस को बांग्लादेश में हुए एक बम विस्फोट में इन दोनों संदिग्ध आतंकियों के शामिल होने का शक है। नोएडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि यूपी एटीएस ने पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ मिलकर ज्वॉइंट ऑपरेशन में आतंकवादी संगठन जमात उल मुजाहिदीन के दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान बांग्लादेश निवासी मुशर्रफ उर्फ मूसा तथा रुबेल अहमद के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि दोनों को ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। एटीएस, पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारी दोनों से पूछताछ कर रहे हैं। डीजीपी ओपी सिंह ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस दोनों अभियुक्तों को ट्रांजिट रिमांड पर लेगी। इनसे पूछताछ के लिए एटीएस की एक टीम भी पश्चिम बंगाल भेजी जाएगी। एटीएस के आईजी असीम अरुण ने बताया कि दोनों आतंकियों की पहचान बांग्लादेश के रूबेल अहमद और मुशर्रफ हुसैन के रूप में हुई है। रूबेल गांव टेंग्रिया जिला ठाकुरगांव रंगपुर और मुशर्रफ हुसैन उर्फ मूसा उर्फ तेजेरुल इस्लाम उर्फ रेजुल करीब भी इसी गांव का रहने वाला है। ये दोनों बांग्लादेश से इसी साल भागकर यहां आ गए थे। वहां पर बांग्लादेश की पुलिस का दबाव बढ़ गया था। आईजी ने बताया कि सात महीने पहले देवबंद में तीन आंतकी गिरफ्तार किए गए थे। इनसे ही पता चला था कि बांग्लादेश के आतंकी गाजियाबाद व नोएडा में छिपे हुए हैं। ये लोग किसी बड़ी वारदात की फिराक में थे। इसके बाद ही इनकी तलाश शुरू की गई थी। एनसीआर में किसी बड़ी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की थी योजना वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में किसी बड़ी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इस संबंध में ज्यादा जानकारी पूछताछ के बाद ही मिलेगी।

'शत्रु संपत्ति' नहीं है 'जिन्ना हाउस'-केंद्र सरकार

नई दिल्ली, 24 जुलाई। पाकिस्तान में बुधवार को होने वाले आम चुनाव के लिए प्रचार थम चुका है। पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना बेशक अब इन चुनाव में कोई मुद्दा न हों, लेकिन भारत में उनका नाम रह रह कर सुर्खियों में आता रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार को संसद को बताया गया है कि मुंबई स्थित 'जिन्ना हाउस' को 'शत्रु संपत्ति' के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया गया है। करनाल से सांसद अश्विनी कुमार की ओर से लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने कहा 'मोहम्मद अली जिन्ना का आवास शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 के दायरे में नहीं आता। जिन्ना हाउस भारत सरकार की संपत्ति है और इसके निस्तारण का सवाल ही नहीं उठता।' अहीर ने साफ किया कि जिन्ना हाउस एक 'इवैक्यूई प्रॉपर्टी' है जो इवैक्यूई प्रॉपर्टी एक्ट, 1950 के दायरे में आती है। जिन्ना हाउस 2010 से कानूनी विवाद में फंसा हुआ है। जिन्ना की इकलौती संतान दीना वाडिया ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर इस बहुमूल्य संपत्ति पर दावा किया था। दीना वाडिया ने याचिका में कहा था कि वे जिन्ना की इकलौती वारिस हैं, इसलिए संपत्ति पर उन्हें अधिकार मिलना चाहिए। मालाबार हिल पर ढाई एकड़ में फैले इस बंगले के बारे में दावा किया गया था कि उसका हक जिन्ना की बहन फातिमा जिन्ना को दे दिया गया है। दीना वाडिया का 2 नवंबर 2017 को न्यूयॉर्क में निधन हुआ।

सार संक्षिप्त

गन्ना पर्यवेक्षकों ने की समस्याओं पर चर्चा

धामपुर। कन्या इंटर कालेज के सामने एक पब्लिक स्कूल में कल उ.प्र. गन्ना पर्यवेक्षक संघ पदाधिकारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें पर्यवेक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस समय पर्यवेक्षकों की कोई सुनने वाला नहीं है। सरकार भी उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। बैठक में बेगराज सिंह, महावीर प्रसाद, विजय सिंह, टीकम सिंह, रामगोपाल सिंह, भूपेन्द्र कुमार, धर्मपाल सिंह, वीरेन्द्र कुमार, भूपाल सिंह, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रेरणा योजना की निंदा की

धामपुर। सनातन समाज पार्टी की ग्राम जैतरा में हुई बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा परिवार नियोजन के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति में लागू प्रेरणा योजना की कड़ी आलोचना की गई। बैठक में संस्था के प्रदेश महासचिव सत्यप्रिय सक्सेना ने कहा कि परिवार नियोजन की सभी योजनाएं, प्रोत्साहन केवल हिन्दु समाज के लिए ही क्यों बनाई जाती हैं, जबकि वह स्वेच्छा से ही परिवार नियोजन अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लिए परिवार नियोजन प्रोत्साहन जैसी योजनाएं क्यों नहीं बनायी जाती। बैठक में सीएमओ द्वारा योजना को शीघ्र लागू करने की घोषणा की आलोचना करते हुए इसका विरोध किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संजीव, नीरज राणा, उमेश, रामदयाल सैनी, मुकेश, ओम प्रकाश, रिंकू, मोहन पाल, राजेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

जब सामान खरीदने आयें, थैला साथ लायें

धामपुर। युवा समाजसेवी व्यापारी विकास अग्रवाल ने प्रदेश सरकार द्वारा पॉलीथीन को प्रतिबंधित किये जाने को जनहित में लिया गया निर्णय बताया। एक बयान में उन्होंने कहा कि पालीथीन, थर्माकाल, प्लास्टिक से प्रदूषण बढ़ने के साथ सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। उन्होंने कहा कि कागज की थैली और मिट्टी के बर्तन (कुल्हड़, कुण्डा) आदि नष्ट होने वाली चीजें हैं। उन्होंने कहा कि दुकानदार इनका ही अधिक प्रयोग करें और ग्राहकों को भी प्रेरित करें कि वह घर से ही कपड़े का थैला लेकर बाजार में आये। उधर नगर पालिका प्रशासन ने नगर के मुख्य चौराहों पर स्वच्छता अभियान के बैनर लगाकर नागरिकों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील की है।

क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों की आई हुई है बाढ़

धामपुर। नगर से सटे ग्राम पुराना धामपुर (धामपुर हुसैनपुर) में आजकल झोलाछाप डाक्टरों की बाढ़ सी आ गई है। गांव में इन दिनों करीब आधा दर्जन फर्जी डाक्टरों ने अपना राजस्व कायम कर रखा है, इनमें किसी के पास भी डिग्री नहीं है। जागरूक ग्रामीणों ने सीएमओ बिजनौर से मांग करते हुए कहा है कि जनपद में अन्य स्थानों की भांति एक बार यहां भी छापेमारी कर लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे फर्जी डाक्टरों को पकड़ा जाए।

दरिंदों को सरेआम दी जाये फांसी

धामपुर। सामाजिक संस्था तामीर-ए-वतन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कैसर जहां ने बच्चियों, युवतियों व महिलाओं के साथ बढ़ रही दुष्कर्म की घटनाओं पर रोष व चिंता व्यक्त करते हुए वहशी दरिंदों को सरेआम फांसी देने की मांग की। अपने प्रेस नोट में उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार से बच्चियों, युवतियों व महिलाओं की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने बताया कि 20 सितम्बर को नजीबाबाद के विधायक तसलीम अहमद को संस्था के द्वारा धामपुर में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं के सम्मान के लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की, जिसका शुभारम्भ मुरादाबाद मण्डल से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है।

कनेक्शन काटने पर जेई को फंसाने की धमकी

नजीबाबाद। स्थानीय विद्युत विभाग के अवर अभियंता रामानंद चौधरी ने विद्युत वितरण खंड कार्यालय के उपखंड अधिकारी प्रथम विकास कुमार को पत्र देकर कहा है कि उन्होंने अपने स्टाफ राजकुमार शर्मा, अनिल कुमार व सुभाष कुमार के साथ 19 जुलाई 2018 को पुलिस के साथ ग्राम घिसटपुरी निवासी विद्युत उपभोक्ता श्रीमती फरहा पत्नी अजमल का 1 लाख 60 हजार रूपए बकाया होने पर बिजली का कनेक्शन काटकर केबिल उतार लिया था। बकायदार महिला के खिलाफ विभाग ने पूर्व में धारा-135 व 138 बी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि उक्त महिला उसे तथा स्टाफ को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। जेई ने कहा कि भविष्य में उक्त महिला या उसके रिश्तेदार द्वारा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है तो इस पत्र का संज्ञान ले।

शिकायत पर रुकवाया निर्माण

नजीबाबाद। नगर पालिका परिषद प्रशासन को स्थानीय मौहल्ला पठानपुरा में आरा मशीन के पास एक व्यक्ति द्वारा अपना मकान बनाने की आड़ में पालिका की जमीन पर अवैध निर्माण किये जाने की शिकायत मिली। जिस पर नगरपालिका परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रूकवा दिया। नगरपालिका के अवर अभियंता प्रवीण कम्बोज के नेतृत्व में पालिका की टीम में शामिल हाजी इनाम, सुल्तान अहमद आदि कर्मचारी आज सुबह मौहल्ला पठानपुरा में पहुंचे टीम ने वहां बुनियाद भरकर व बीम डालकर किया जा रहा निर्माण रूकवा दिया। जेई ने मकान मालिक से उक्त जमीन के कागज तलब किये। निर्माण करने वाले व्यक्ति ने अपना कच्चा मकान तोड़कर वहां पक्का मकान बनाने व सड़क को छोड़कर निर्माण करने की जानकारी दी। पालिका की टीम ने कागजों को जांच के लिए तलब किया है।

बेटे के बदले बाप को ले गई पुलिस

बिजनौर। घर में घुसकर महिला से अभद्र व्यवहार करने वाले को पकड़ने गई पुलिस को उसके घर से अवैध शराब की एक पेटी बरामद हुई। आरोपी के फरार हो जाने पर पुलिस उसके पिता को उठाकर थाने ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां मेरठ की चुंगी पर रहने वाली प्रेमवती पत्नी सत्यवान ने पुलिस से शिकायत की थी कि उसी के मुहल्ले में रहने वाला अमित पुत्र गोपाल उसके घर में आ घुसा और उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिये और उसके कानों से कुण्डल खींच लिये। महिला की शिकायत पर पुलिस अमित को पकड़ने गई तो वह घर से फरार हो गया। पुलिस उसे तलाश कर रही थी कि उसके घर में अवैध शराब की एक पेटी रखी हुई मिली। महिला ने पुलिस को बताया कि अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। पुलिस अमित के पिता गोपाल को उठाकर थाने ले गई। मुहल्ले के कुछ लोग प्रेमवती को समझा-बुझाकर मामला निमटाने के प्रयास कर रहे हैं।

दो मुट्ठी घास के बदले तबाह कर दी मासूम की जिदंगी

पहले प्यार का नाटक कर जाल में फंसाया, फिर हैवानियत का नंगा नाच किया

बढ़ापुर। नाबालिग गैंगरेप पीड़िता और सामूहिक दुष्कर्म की घटना के मुख्य आरोपी जेवेंद्र के बीच किसी तरह के प्रेम संबंध नहीं थे, बल्कि शातिर जेवेंद्र द्वारा कच्ची उम्र की मासूम के साथ वासना का खेल खेलने के लिए बुना गया संबंध का एक जाल था। इस जाल में किशोरी को फंसाने के लिए आरोपी ने मात्र दो मुट्ठी घास के तिनके डाले थे। घास के इन तिनकों की चाह में मासूम बुरी तरह जाल में फंसती गई और अंत में गैंगरेप का शिकार हो गई। दो मुट्ठी घास के तिनकों से शुरू हुई कथित प्रेम कहानी से गैंगरेप की शर्मनाक घटना के बीच की हकीकत कुछ इस प्रकार है कि गैंगरेप की शिकार पीड़िता के मां-बाप बहुत ही गरीब हैं। इस भूमिहीन गरीब परिवार की आजीविका का साधन मात्र तीन पशु हैं। पीड़िता की मां दिव्यांग है, जो लाठी के बिना दो कदम भी नहीं चल पाती है। बाप पशुओं के लिए घास व जंगल से लकड़ी लाकर परिवार के लिये दो जून की रोटी का इंतजाम करता है। पीड़ित किशोरी तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है। उससे छोटे उसके दो भाई हैं, जो बाप के साथ ही अक्सर जंगल जाते हैं।

दुष्कर्म की शिकार मासूम ने मार्च 2016 में जब गांव के सरकारी स्कूल से पांचवीं की परीक्षा पास की तो परिजनों ने उसका स्कूल जाना बंद करा दिया था। इसके बाद मासूम कभी अकेली तो कभी गांव की अन्य महिलाओं के साथ घास लेने के लिए जंगल आने-जाने लगी। घटनाक्रम के अनुसार अब से दो वर्ष पूर्व एक दिन मासूम अकेली ही गांव के बाहर सड़क किनारे बैठी हुई घास काट रही थी। उस समय मासूम किशोर अवस्था की दहलीज पर सही से कदम भी नहीं रख पाई थी कि उधर से गुजर रहे उसकी उम्र से दोगुने जेवेंद्र की बुरी नज़रों का शिकार हो गई। कच्ची उम्र की मासूम को अकेला देख शातिर जेवेंद्र वहीं रुक गया और मासूम के साथ झूठी हमदर्दी का नाटक करते हुए अपने हाथों से दो मुट्ठी घास उखाड़कर मासूम द्वारा काटी गई घास पर डाल दी। घास के इन तिनकों के सहारे बुने गये जाल से बेखबर मासूम झूठी हमदर्दी से खुश होकर मुस्कुरा बैठी। इसके बाद मासूम के और करीब आने के लिए जेवेंद्र रोज ही दराती लेकर घास काटने जाने लगा और अपनी काटी गई सारी घास मासूम को देने लगा। किशोर अवस्था में कदम रखने वाली मासूम इससे पहले कुछ समझ पाती तब तक जेवेंद्र उसे अपने बुने गये जाल में बुरी तरह फंसा चुका था। पहले छः महीने तक मासूम के जननांगों से छेड़छाड़, उसके बाद घिनौना काम करते हुए उसकी अश्लील वीडियो बनाकर जेवेंद्र ने मासूम पीड़िता को अपने बुने जाल में बुरी तरह फंसा लिया था। यह प्रेम संबंध नहीं बल्कि मासूम के साथ वासना का खेल खेलने के लिए झूठी हमदर्दी के बल पर बुना गया एक जाल था। किशोर अवस्था की दहलीज पर कदम रखने वाली मासूम उस समय प्यार के मायने क्या होते हैं, नहीं जानती थी, वह तो एकतरफा जल रही वासना की आग में जलकर बर्बाद हो गई। गौरतलब बात यह है कि एक दिन शातिर जेवेंद्र ने ही मासूम को अपने जाल में फंसाने की पूरी कहानी आरोपी सलमान को बता दी। सलमान ने जेवेंद्र द्वारा सुनाई गई मासूम के यौन उत्पीड़न की पूरी कहानी गांव में अपने दोस्त अलाउददीन को सुनाई तो इसके बाद उन्होंने जेवेंद्र को विश्वास में लेकर मासूम को सुनसान स्थान पर बुला लिया था, जहां मासूम गैंगरेप का शिकार बन गई।

अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें-अशोक अलबेला

सफाई मजदूर संघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

धामपुर। उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के मण्डल अध्यक्ष अशोक अलबेला ने कहा है कि पालिका कर्मचारी एकजुट होकर अपने अधिकारों को पाने के लिए संघर्षशील रहे। वह नगर पालिका के सुभाष हाल में संघ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के पद ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पालिका के सफाईकर्मियों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें मुक्त कराने और संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई कराने के नाम पर की जा रही अवैध वसूली करने वाले नेताओं को उनकी औकात बताई जायेगी। समारोह में संजय मेहरा ने कहा कि हमारा उद्देश्य कर्मचारियों में फूट डालना नहीं है, जो भी संगठन कर्मचारियों की लड़ाई लड़ता हो, उसका सहयोग किया जायेगा।

समारोह में कमल चैनवाल-संरक्षक, राजेन्द्र पंवार- अध्यक्ष, रणवीर सिंह-उपाध्यक्ष, हरिओम टांक- महामंत्री, नरेश राजपूत-कोषाध्यक्ष, बिरलासूद-उपकोषाध्यक्ष, दलीप चैनवाल- संगठनमंत्री, रवि कुमार-उपसंगठन मंत्री, अनूप-मंत्री, शेखर सूद-प्रचार मंत्री, महेश चैनवाल, रंजीत सूर्द, पवन चैनवाल, आशीष पंवार ने सलाहकार पद की शपथ ली। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष - संजयलाल मेहरा ने की तथा संचालन पत्रकार मनोज बाल्मीकि ने किया।

पेंशनधारी अध्यापकों का बिजनौर में धरना 28 को

धामपुर। राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त वित्त पोषित माध्यमिक विद्यालय से वर्ष 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्त कर रहे माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की एक बैठक पेंशन के पुनः निर्धारण में शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही गलत गणना के बारे में विचार करने हेतु माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जनपदीय प्रवक्ता यशपाल तुली के पंजाबी कालोनी स्थित निवास पर सम्पन्न हुई।

बैठक में ठकरी सिंह रघुवंशी, यशपाल तुली, सूर्यकांत सुमन, सुभाषचन्द्र शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशन के पुनः निर्धारण के लिए जारी किये गये शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को सेवानिवृत्ति की दिनांक को अनुमन्य वेतनमान का पुनः निर्धारण प्रकल्पित रूप से पांचवें तथा छठे वेतन आयोगों द्वारा घोषित वेतनमानों में होगा। परन्तु शिक्षा विभाग के अधिकारी स्वयं को गणना न करके केन्द्र द्वारा प्रकाशित केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए घोषित तालिका के आधार पर आगणन करके सेवानिवृत्त अध्यापकों को हानि पहुंचा रहे हैं। इसी बिन्दु पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में 28 जुलाई शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना दिना जायेगा। इसी के अनुरूप जनपद बिजनौर में प्रदेशीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मलिक के नेतृत्व में प्रातः 11 बजे से बिजनौर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया जायेगा तथा एक मांग पत्र राज्य सरकार को दिया जायेगा। बैठक में यशपाल तुली, अश्वनी कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य एसपी जैन, बलिराम सिंह, मेजर त्रियेन्द्र सिंह तथा अध्यापक सूर्यकांत सुमन, ठकरी सिंह रघुवंशी, शिशुपाल सिंह, सुभाषचन्द्र शर्मा, महेन्द्र कुमार सिंह, कल्याण सिंह, मेघराम सिंह, पीके विद्यार्थी, करन सिंह गहलौत आदि उपस्थित थे।

शिकायत का समाधान करने की बजाय, शुरू किया धरपकड़ अभियान

नजीबाबाद। आदर्शनगर के आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्वीट कर नगर के माल गोदाम पर फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग की थी। उन्होंने पीएम को अगवत कराया था कि माल गोदाम पर फुट ओवर ब्रिज न होने के कारण लाइनपार रहने वाले लोग प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर रेल ट्रैक क्रॉस करते है। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। इसके बाद शासन-प्रशासन ने माल गोदाम पर फुट ओवरब्रिज बनाकर समस्या का पूर्ण रूप से हल करने के बजाये माल गोदाम से रेल ट्रैक पार करके जाने वाले लोगों की धरपकड़ का अभियान शुरू कर दिया। आरपीएफ ने पिछले कई दिनों से मालगोदाम व डबल फाटक के नीचे से रेल ट्रैक पार करने वालों के खिलाफ अभियान चला रखा है। रेलवे पुलिस ने कल नौ लोगों को रेल ट्रैक पार करते हुए चालान कर मुरादाबाद भेज दिया। लोगों ने सरकार व प्रशासन द्वारा इस समस्या का समाधान करने के बजाय मजबूरी में ज्यादा दूरी पार न कर जाने वाले लोगों के खिलाफ रेल ट्रैक पार करने पर कार्रवाई पर रोष जताया है। लाइनपार के लोगों का कहना है कि वहां से अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा ले जाने का रास्ता भी रेल ट्रैक से ही है।

नवगठित स्टूडैंट काउंसिल को सौंपी जिम्मेदारियां

विधायक अशोक राणा ने विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

धामपुर। प्रियंका मॉडर्न स्कूल का 32वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने नवगठित स्टूडैन्ट काउंसिल को विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां सौंपी।

काउंसिल में लक्षित-हेड ब्वाय, पुरुषोत्तम-सहायक हेड ब्वाय, अंशिका सिंह-हेड गर्ल, खुशी कश्यप-सहायक हेडगर्ल, अदम्य अग्नि देव-मुख्य खेल कप्तान, अस्तित्व चौहान-सहायक खेल कप्तान, स्पर्श-मुख्य सांस्कृतिक कप्तान, मयंक दीप- सहायक सांस्कृतिक कप्तान, माधव राज- मुख्य अनुशासन प्रमुख व वैभव को सहायक अनुशासन कप्तान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि छात्र-छात्राओं की काउंसिल उनके विभिन्न पदों की जिम्मेदारियों का एहसास कराती है। इससे रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ती है। स्थापना दिवस के अवसर पर धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण को बचाने में उनकी नैतिक जिम्मेदारी का बोध कराया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार है। इसके बिना मानव जाति की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम सफल बनाने में राजीव चौहान, नवनीत अरूण, मुकेश, एस.के. देवरा, मोहित का सहयोग रहा।

माप-तौल निरीक्षक ने कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की

धामपुर। धामपुर क्षेत्र के वरिष्ठ माप - तौल निरीक्षक डीसी गुप्ता ने अपने सहयोगी कर्मचारियों को साथ लेकर मंगलवार को क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर घटतौली रोकने के उद्देश्य से छापेमारी की तथा माप-तौल यंत्रों में कमी पाये जाने पर कई के चालान किये। इस छापामारी अभियान से माप-तौल यंत्रों में घटतौली करने वालों में जबरदस्त हड़कम्प मच गया।

माप-तौल विभाग की टीम को शिवम गैस एजेंसी डीलर प्रो. राकेश कुमार नहटौर ने तौल उपकरणों से संबंधित कोई अभिलेख नहीं दिखाया। टीम द्वारा मुहम्मद इशहाक फलविक्रेता, मछली बाजार धामपुर के कांटे व बाटों की जांच करने पर पता चला कि इन्होंने उन पर मोहर नहीं लगवाई। सस्ता गल्ला विक्रेता कोटकादर, भटियाना, खुशहालपुर नहटौर के कपिल कुमार के माप-तौल यंत्रों में कमी पायी गयी। मुहल्ला शेखान शेरकोट में मुर्गी विक्रेता शकील अहमद के माप-तौल यंत्रों में भी कमी पायी गयी। माप-तौल प्रभरी डीसी गुप्ता ने कई अन्य प्रतिष्ठानों पर भी छापा मारा तथा माप-तौल यंत्रों में कमी पाये जाने पर चालान किया।

गर्भ में शिशु की मौत होने पर चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

स्योहारा। उपचार के दौरान एक महिला के गर्भ में ही शिशु की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने पुलिस को तहरीर देते हुए चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

नगर के मोहल्ला हिंदू चौधरी निवासी नफीस अहमद ने अपनी पत्नी रूखसाना को 19 जुलाई को प्रसव पीड़ा होने पर नगर के ही एक चिकित्सक के यहां भर्ती कराया था। बताया जाता है कि चिकित्सक ने उन्हें नॉर्मल डिलीवरी होने का पूरा भरोसा दिलाया था। आरोप है कि इसके बाद चिकित्सक ने महिला के परिजनों को बताया कि महिला व उसके बच्चे की जान खतरे में है और उनसे बीस हजार रुपये जमा करा लिये। आरोप है कि इसके बाद महिला के मृत शिशु पैदा हुआ। परिजनों का आरोप है कि यह सब चिकित्सक की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने इस बारे में जब चिकित्सक से पूछताछ की तो उल्टे उनके साथ विवाद पर उतारू हो गया तथा अभद्रता करते हुए उन्हें धमकियां देने लगा। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई। वहीं थानाध्यक्ष अरिहंत कुमार सिद्धार्थ का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कारवाई की जाएगी।

अफ़ज़लगढ़ में फैज़ी पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन

अफजलगढ़ । नगर में नव स्थापित फैज़ी पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन सीएचसी अफजलगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव चौहान एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कादराबाद के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शमीम अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने पैथोलॉजी लैब की संचालिका श्रीमती फैजी रानी से रोगियों की जांच संबंधित बेहतर सेवाएं प्रदान करने की आशा जताई । इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन जावेद विकार, एसआई हरदयाल प्रसाद, आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष एस एम असलम, उपाध्यक्ष सिराजुद्दीन मलिक, सीनियर उर्दू सहाफी डॉ. ए एच साबरी, वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र अग्रवाल, सपा नगर अध्यक्ष शेख हसीब, हाजी अब्दुल बारी, शेख अब्दुल्ला, शेख वाजिद, डॉ. सरताज, डॉ. इरफान, डॉ. हफीज, डॉ. अकबर, डॉ. गोविंद, डॉ. असलम, डॉ. मनोज, शेख वाहिद, नसीम ठेकेदार व शरीफ ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

साहित्यकारों ने नीरज को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

बिजनौर। देश के विख्यात कवि पद्म विभूषण गोपालदास नीरज के देहावसान पर नगर के अनेक कवियों, शायरों, पत्रकारों व अन्य साहित्यप्रेमियों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

गीतानगरी स्थित वरिष्ठ साहित्यकार जयनारायण 'अरुण' के निवास 'अरुणोदय कुटी' में वरिष्ठ साहित्यकार हितेश कुमार शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक 'मधुप' के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सभा में सर्वप्रथम रमेश 'राजहंस' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के साथ नीरज जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अतुल गुप्ता ने नीरज जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और अनेक संस्मरण सुनाये। कवि नीरज के विशेष प्रशंसक कुशलपाल सिंह व डॉ. प्रकाश ने भी अनेक संस्मरण सुनाते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। वरिष्ठ साहित्यकार जय नारायण 'अरुण' नीरज के गीत व रुबाइयां सुनाते हुए उनकी यादों में खो गए। डॉ. निरंकार त्यागी ने नीरज जी द्वारा फिल्मों में लिखे गये गीतों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके द्वारा लिखा गीत 'लेना होगा जनम हमें कई-कई बार' लगभग उनकी ही लय में प्रस्तुत किया। पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने नीरज जी से हुई भेंट का वर्णन करते हुए व उनके जीवन को 'दर्शन' का नाम दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अशोक 'मधुप' ने कहा कि उनकी पीढ़ी नीरज के गीतों को गुनगुनाते हुए बड़ी हुई है। उन्होंने नीरज की एक रचना प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रसिद्ध बाल कवि डॉ. अजय जनमेजय ने उन्हें एक विलक्षण कवि बताया, जबकि शकील बिजनौरी, संजीव 'एकल', डॉ. अनिल चौधरी, जगदीश प्रसाद वर्मा ने उन्हें काव्यमय श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष हितेश कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नीरज एक ऐसे लोकप्रिय कवि थे, जिन्हें सुनने के लिए हजारों लोग पूरी रात पंडाल में बैठे रहते थे और नीरज के मंच पर खड़ा होने से पहले ही वातावरण तालियों से गूंज उठता था। कार्यक्रम का संचालन हुक्का बिजनौरी ने किया। आयोजक जयनारायण 'अरुण' ने नीरज को काव्यात्मक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आभार ज्ञापित किया।

विद्युत संबंधी समस्याओं से निजात के लिये विधायक मनोज पारस ने प्रमुख सचिव से मुलाकात

नगीना। नगीना के सपा विधायक मनोज पारस ने प्रमुख सचिव;ऊर्जा से मुलाकात कर नगीना विधानसभा क्षेत्र के 106 गांवों में उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगवाने, विद्युत पोलों की दूरी कम करने व जर्जर लाइनों को बदलवाने की मांग की है।

अंबेडकर नगर स्थित अपने आवास पर मंगलवार की दुपहर पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए मनोज पारस ने बताया कि उन्होंने नगीना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत विभाग के नजीबाबाद डिवीजन में आने वाले दस,किरतपुर डिवीजन में आने वाले 34 व नगीना डिवीजन में आने वाले 62 गांवों में सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसी से बस्तियों, गलियों व मोहल्लों में सर्वे कराकर दो सौ से तीन सौ मीटर की दूरी तक केवल डालकर सप्लाई की समस्या से निजात दिलाने के लिए खंबों की दूरी कम करने के लिए नए खंबे लगवाने, जर्जर लाइनों को बदलने व उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए प्रमुख सचिव ऊर्जा से वार्ता कर पत्र सौंपा है।प्रमुख सचिव ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विधायक मनोज पारस ने बताया कि सपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बस्तियों व ट्यूबवेल की सप्लाई के लिए अलग अलग फीडर बनाने की योजना शुरू की थी।उस योजना पर काम शुरू हो गया।उनके विधानसभा क्षेत्र के अकबराबाद में अलग फीडर बनाने का काम शुरू हो गया है। बताया कि नगीना डिवीजन के 62 गांवों में बिजली की समस्या के समाधान के लिए आज उन्होंने नगीना डिवीज़न के अधिशासी अभियंता देवेंद्र कुमार सिंह से वार्ता भी की। विधायक मनोज पारस ने बताया कि सपा सरकार की त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत नहटौर मार्ग पर भूरापुर कल्लूवाला-नरैनी मार्ग पर गांगन नदी पुल, पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य का पुनारक्षित आगणन (रिवाइज्ड कॉस्ट)लोकनिर्माण विभाग, लखनऊ के मुख्य अभियंता (सेतू)वाई के गुप्ता ने विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग को भेज दी है। जल्दी ही उसका कार्य शुरू हो जाएगा। विधायक ने बताया कि ग्राम चमरावाला को बरसात में बाढ़ से बचाने के लिए उनके द्वारा बनवाए गए बन्दे में क्रेक आने के बाद चमरावाला पर फिर बाढ़ का संकट गहराने की आशंका के चलते मरम्मत के लिए 4 करोड़ 80 लाख रुपए स्वीकृति करा दी है। ग्राम रतनपुर से मदनपुर मार्ग के निर्माण के लिए धनराशि का आवंटन हो गया है, निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। हिंदू बाहुल्य गांव आनंदखेड़ी से फुलसंदा तक की सड़क निर्माण के लिए सपा सरकार द्वारा स्वीकृत 2.25 करोड़ रुपए से शुरू सड़क निर्माण का काम भाजपा सरकार के आते ही बंद हो गया था। अब इस कार्य को पुन: शुरू कराया जाएगा।

पॉलीथीन का प्रयोग न करने का आह्वान

अफजलगढ़। स्वच्छ भारत अभियान के तहत सरकार द्वारा पोलीथिन की थैलियों के प्रयोग पर रोक लगाये जाने को लेकर शुरू किये गये अभियान में छात्र-छात्राएं भी शामिल हो रही हैं। मंगलवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रोहिताश सिंह ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिये जाने सहित पॉलीथीन की थैलियों का प्रयोग न करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के छात्र छात्राओं को पॉलीथीन की थैलियों का प्रयोग न करने तथा इसके परिजनों सहित अन्य लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर प्रधानाचार्य रोहिताश सिंह, राजीव गुप्ता, मनोज कुमार, बृजपाल सिंह, जितेन्द्र वत्सल, अमरीश, उरेश कुमार, ओमकार सिंह, रवि कुमार, शौकेन्द्र कुमार, रमाकांत त्रिपाठी आदि सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

खेत मजदूर यूनियन को मजबूत करने पर जोर

शेरकोट। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की बैठक में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में कामरेड फारुख ने कहा कि हमें क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं पर ध्यान देकर पीड़ितों की मदद करने व समस्याओं का निराकरण कराने हेतु प्रयास करने चाहिए । उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। बैठक में संगठन के प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु जिला सम्मेलन कराने तथा जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को विज्ञापन भेजे जाने पर भी विचार किया। निकटवर्ती ग्राम शहजादपुर में कामरेड वहाजुदीन के आवास पर कामरेड हनीफ की अध्यक्षता व कामरेड सरफराज अहमद के संचालन में संपन्न हुई बैठक में इंतजार मंसूरी, पंडित दिनेश शर्मा, विकार अंजुम, शिवकुमार , बाबूराम, लेखराज सिंह, मोहम्मद इकबाल, शायरा परवीन, शाहजहां परवीन, शहनाज परवीन, ताजुद्दीन, मोहम्मद फारुक आदि ने विचार व्यक्त किए।

टीम ने स्कूल पहुंचकर की जांच

शेरकोट। नगर के रानी फूल कुमारी कन्या जूनियर हाई स्कूल में शिक्षक भर्ती अवैध वसूली की शिकायत पर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित की गई जांच समिति ने मंगलवार को स्कूल पहुंच कर जांच की और शिकायतकर्ता से जानकारी की।

विदित हो कि रानी फूल कुमारी कन्या जूनियर हाईस्कूल में गत 3जुलाई को अंग्रेजी के शिक्षक की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार हुआ था। जिसको लेकर नगर की मोहल्ला शेखान निवासी शालिनी वर्मा ने विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य पर नियुक्ति के लिए 30 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से शिकायत की थी। इस प्रकरण में जिला अधिकारी के आदेश पर 16 जुलाई को खंड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर शेरकोट जांच करने पहुंचे थे, परंतु शिकायतकर्ता द्वारा जांच से असंतुष्ट होने पर जिला अधिकारी से उक्त जांच किसी प्रशासनिक अधिकारी से कराए जाने की मांग की थी। जिसके परिपेक्ष्य में मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति में नामित खंड शिक्षा अधिकारी किरतपुर शिव कुमार व जिला कोऑर्डिनेटर बेसिक शिक्षा रेशु कुमार ने स्कूल पहुंच कर जांच की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा जांच अधिकारियों को साक्ष्य के रूप में कुछ ऑडियो क्लिप सुनवाई । इस सम्बंध में जांच अधिकारियों ने बताया कि शीघ्र ही जांच पूरी कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप दी जाएगी।

जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला 30 व 31 जुलाई को

बिजनौर। जिला सेवा योजन कार्यालय बिजनौर के प्रांगण में एक्जैन्ट एक्वा प्राइवेट लिमिटेड पटना द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर एवं सैल्स एक्ज्यूकेटिव पद तथा माइन्ड बेन्च कान्सल्टिंग लिमिटेड द्वारा पेटीएम एवं एसबीआई क्रेडिट कार्ड उपयोग हेतु परामर्शदाता के लिए रोजगार मेले का आयोजन 30 जुलाई को किया जायेगा। साथ ही जी 4 एस सिक्योरिटी साल्यूशन इंडिया प्रा. लि. द्वारा अन आर्म सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु एवं उन्नत किसान सेवा संस्थान किरतपुर में फील्ड ऑफिसर व एक्ज्यूकेटिव पद हेतु एक रोजगार मेला का आयोजन 31 जुलाई को किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवा योजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में वहीं अभ्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे, जिनका सेवा योजन कार्यालय में पोर्टल पर ऑन लाइन पंजीकरण होगा। साथ ही इच्छुक अभ्यर्थी को मेले में भाग लेने के लिए 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑन लाइन आवदेन करने में कोई परेशनी होने पर अपने पंजीकरण कार्ड सहित सेवा योजन कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता है। रोजगार मेले में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों को दो फोटो एवं अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पॉलीथीन बहिष्कार का संदेश दिया

बिजनौर। वीएसडी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा डाकखाने के चौराहे पर जनसमूह को पॉलीथीन का बहिष्कार करने हेतु जागरुक किया। छात्र-छात्राओं ने लोगों को एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पॉलीथीन के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कई लोगों ने छात्र-छात्राओं को इस सराहनीय कार्य के लिये उनकी पीठ थपथपा कर प्रोत्साहित किया। छात्रों ने जनसमूह को इस संबंध में कई सुझाव भी दिये। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय चौधरी ने इस अभियान को सफल बनानें के लिए कई सौ थैले वितरित कराये तथा इस संगीन विषय के प्रति लोगों को जागरुक किया। वीएसडी के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इस कार्य में भाग लिया। उनके इस कार्य को समस्त जन समूह द्वारा सराहा गया।

गृह विज्ञान में स्वाति भटनागर ने पाया पहला स्थान

बिजनौर। कृष्णा कालेज बिजनौर के छात्र-छात्राओं ने एक बार पुन:सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं, पिछले वर्षों की तरह इस बार भी कृष्णा कालेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी बिजनौर के बीएससी (होम साइंस) द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल उत्साहवर्धन रहा। गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा शालिनी शर्मा ने बताया कि छात्रा स्वाति भटनागर ने परीक्षा में 77.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, इतिका भारद्वाज ने 74.5 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व अनाब व शिवानी मुठारिया ने 71.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार एवं कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व सभी शिक्षकों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

हाईवोल्टेज विद्युत लाइन को आबादी से दूर स्थापित करने की मांग

बिजनौर। अखिल भारतीय किसान मजदूर संगठन ने धामपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर टप्पा भारती में खींची जा रही 33 केवी की विद्युत लाइन को आबादी से दूर बनाये जाने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि गांव में 33 केवी की विद्युत लाइन आबादी वाले क्षेत्र में खम्भे लगाकर निकाली जा रही है, जिससे भविष्य में अनेक ग्रामीणों को परेशनी का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन में भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से ग्रामीणों को बचाने के लिए विद्युत लाइन अलग जगह से निकाले जाने की मांग की गयी है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन, सुभाष चन्द्र, नीशु कुमार आदि शामिल रहे।

गोपालदास नीरज को गीत शिल्पी बताते हुए उनके गीतों के वैशिष्टय को रेखांकित किया

आरबीडी में भित्ति पत्रिका का विमोचन

बिजनौर। आरबीडी कालेज के हिन्दी विभाग द्वारा मंगलवार को डा. सविता मिश्र के निर्देशन में एमए प्रथम वर्ष हिन्दी की छात्राओं द्वारा भित्ति पत्रिका का प्रकाशन किया गया था , जिसका विमोचन मंगलवार को प्राचार्या डा. विदुषी ने किया। पत्रिका का यह अंक पद्मभूषण स्व. गोपालदास नीरज पर केन्द्रित था। निकेता मंडल ने गीतों के बादशाह कवि नीरज जी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। मुनीजा और राधा ने उनकी रचनाओं पर संक्षेप में प्रकाश डाला। छात्रा सुरमिता ने उनके सम्मान व पुरस्कारों पर प्रकाश डाला जो उनके साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें प्राप्त हुए थे। डा. विदुषी भारद्वाज ने नीरज जी को गीत-शिल्पी बताते हुए उनके गीतों के वैशिष्टय को रेखांकित किया। डा. सविता मिश्र ने छात्राओं को नीरज जी से संबंधित संस्मरण सुना कर उनकी लोकप्रियता से अवगत कराया। हिन्दी प्रवक्ता कु. वैशाली ने कवि नीरज द्वारा लिखे गये फिल्मी गानों पर प्रकाश डाला।

प्राचार्या डा. विदुषी भारद्वाज एवं डा. सविता मिश्रा ने छात्राओं द्वारा हस्तलिखित भित्ति पत्रिका की सराहना की और उन्हें निरंतर सृजनरत रहने के लिए प्रेरित किया।

क्रासकंट्री दौड़ 5 अगस्त को

बिजनौर। एथलेटिक संघ बिजनौर द्वारा 5 अगस्त को नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम बिजनौर में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जायेगा, जिसमें अंडर 14 बालक एवं बालिका एवं ओपन वर्ग में पुरुषों की प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रथम पुरस्कार 2100, द्वितीय 1500, तृतीय 1100, चतुर्थ 500, पंचम 300 रुपये तथा षष्टम पुरुस्कार 300 रुपये दिया जायेगा। प्रतियोगिता से पूर्व रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। एंट्री 27 जुलाई से 4 अगस्त तक होगी। यह जानकारी जिला एथलेटिक संघ के आयोजन सचिव निपेन्द्र कुमार ने दी है।

पूर्ति निरीक्षक पर लगाया राशन डीलर से हमसाज होने का आरोप

नजीबाबाद। कमालपुर खाईखेड़ी के ग्रामीणों ने पूर्ति निरीक्षक पर राशन डीलर से हमसाज होकर जांच में खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। विकास खंड नजीबाबाद अन्तर्गत ग्राम कमालपुर खाईखेड़ी की ग्राम प्रधान श्रीमती नसरीन बानो ने ग्रामीणो के साथ तहसील पहुंचकर राशन डीलर के विरूद्ध शिकायती पत्र दिया था, जिसमें राशन डीलर पर राशन पांच की जगह चार किलो व मिट्टी का तेल दो लीटर की जगह एक लीटर ही देने का आरोप लगाया था। जिस पर उपजिलाधिकरी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने पूर्ति निरीक्षक नजीबाबाद अमित कुमार को जांच के आदेश दिए थे। पूर्ति निरीक्षक ने गांव पहुंचकर ग्रामीणो के सामने मामले की जांच की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्ति निरीक्षक ने जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की है। साथ ही जांच की विडियो में पूर्ति निरीक्षक पूरी तरह से राशन डीलर का पक्ष करते हुए नजर आ रहे है। प्रधानपति आफताब अंसारी ने पूर्ति निरीक्षक से जब राशन के कोटा के सत्यापन के बारे में पूछा तो पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि किसी भी सत्यापन की जरूरत नही है। ग्रामीणों जाहिद, वाहिद, शाहिद, जावेद, रागिब, सुनील आदि ने बताया कि वह इस तरह की जांच से सहमत नहीं है।

नहटौर-पैजनिया मार्ग से गुजरने वाले कावरतियों को उठानी पड़ेगी परेशानियां

नहटौर। सावन माह में नहटौर क्षेत्र से निकलने वाले गैर जनपदों के कावड़ यात्रियों को नहटौर-पैजनिया मार्ग खराब होने के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

नहटौर पैजनिया मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग से गुजरने वाले दैनिक यात्रियों वह दो पहिया वाहन स्वामियों को सड़क खराब होने के कारण यात्रा के दौरान काफ़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है। इस मार्ग पर लगभग 2 दर्जनों गांव के छात्र छात्राएं नहटौर शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं छात्र-छात्राओं को सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ता है। समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने

नरेंद्र कुमार, रमेश कुमार महेश कुमार, सुजीत कुमार, संजीव कुमार, नौशाद सुल्तान आदि ग्रामीणों ने उत्पन्न समस्या के निदान के लिए कई बार उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की थी परंतु इस समस्या के समाधान के प्रति गंभीर ना होने का कारण आज भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है वर्तमान में सावन का माह प्रारंभ होने पर यहां से गैर जनपदों के कावड़ती हरिद्वार से जल लेकर अपने-अपने जनपदों को इस मार्ग से गुजरते हैं कावड़ लाने का सिलसिला शुरू हो गया है परंतु प्रशासन ने उत्पन्न समस्या के प्रति गंभीर ना होने के कारण उक्त सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है जिसके तहत कावड़ती इस मार्ग से गुजरने मैं बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ेगा, उप जिलाधिकारी आलोक कुमार यादव ने बताया यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है साथी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर मार्ग को तत्काल दुरस्त कराया जाएगा किसी भी कांवरितियों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सार संक्षिप्त

बच्चों ने आकर्षक रंग से सजाई अपनी-अपनी कक्षा

चांदपुर। आधारशिला 'द स्कूल' में कक्षा 1 से 9 तक की कक्षाओं में कक्षा सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साहवर्धक तरीके से अपनी-अपनी कक्षाओं को सजाया। जिसमें कक्षा 1 से प्रथम-स, कक्षा 2 से द्वितीय-स, कक्षा 3 से तृतीय-स, कक्षा 4 से चतुर्थ-स एवं चतुर्थ-द, कक्षा 5 से पंचम-अ, कक्षा 6 से षष्ठ-स, कक्षा 7 से सप्तम-ब, कक्षा 8 से अष्टम-स एवं कक्षा 9 से नवम-स ने सर्वश्रेष्ठ कक्षा का पुरस्कार जीता। सर्वश्रेष्ठ कक्षाओं में नवम-स प्रथम, षष्ठ-स एवं नवम-अ ने द्वितीय एवं पंचम-अ और सप्तम-ब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में विशिष्ट अतिथि श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रबंधक विवेक कर्णवाल, प्रधानाचार्य सिद्धेश शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेन्द्र सिंह नेगी, उपप्रधानाचार्या अनीता शर्मा, बबीता त्यागी रहीं। यह प्रतियोगिता एक्टिविटी इंचार्ज शालिनी राजपूत के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

नीरज जी के निधन पर शोक

चांदपुर। समाजसेवी एवं लेखक डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा ने महाकवि गोपालदास नीरज के निधन पर शोक जताते हुए उनके निधन को साहित्य जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति बताते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी।

ब्राह्मण महासभा की धामपुर शाखा का गठन

धामपुर। युवा सर्व ब्राह्मण महासभा की शाखा धामपुर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अनिल शर्मा एडवोट, हरिओम शर्मा गुरु जी, डा. जितेन्द्र शर्मा कौशिक, राजकमल-संरक्षक, विजय शर्मा उर्फ बब्लू, भगवान वरुण वरिष्ठ, दीपांशु शर्मा हलवाई, संजय भारद्वाज, विवेक शर्मा, बिट्टू उपाध्यक्ष, सचिन शर्मा, दिनेश शर्मा रानी बाग, विवेक शर्मा, विभोर शर्मा, दीपक शर्मा, मोहित गौड़, हिमांशु पंडित सचिव, अभिषेक शर्मा, रोहित शर्मा, योगेश शर्मा, ऋषण शर्मा, तुषार शर्मा, सौरभ शर्मा, निशांत गौड़ प्रचार सचिव, आर्यन दीक्षित, शिवम कौशिक, हिमांशु शर्मा, प्रेम शर्मा, ध्रुव वशिष्ठ, संगठन सचिव, उमा शंकर शर्मा, एडवोकेट संजय कात्यायन एडवोकेट कानूनी सलाहाकर, आयुष शर्मा, त्रिलोक शर्मा, उन्नत भारद्वाज, अनुज शर्मा, लवलीश शर्मा, हर्षित शर्मा,अक्षत सदस्य कार्यकारिणी चुने गए।

जिला स्तरीय ट्रायल्स आज

बिजनौर। उपक्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया कि एक से आठ अगस्त तक इलाहाबाद में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का जिला स्तरीय ट्रायल्स कल (आज) 25 जुलाई को अपराह्न तीन बजे से नेहरू स्टेडियम बिजनौर में होगा। मण्डलीय ट्रायल्स 26 जुलाई को अपराहन तीन बजे से मुरादाबाद स्टेडियम में होगा। ट्रायल में प्रतिभाग हेतु खिलाड़ी की जन्मतिथि एक जनवरी 2000 से 31 दिसम्बर 2004 के मध्य होनी चाहिए। प्रत्येक खिलाड़ी को अनिवार्य रूप से आयु प्रमाण पत्र जो नगर निगम से जारी हो अथवा आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

सिंडिकेट बैंक ने किसानों को एक करोड़ के लोन बांटे

अफजलगढ़ । क्षेत्र के कालागढ़ रोड पर ग्राम विजयनगर में स्थित सिंडिकेट बैंक प्रांगण में कृषक लोन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को सिंडिकेट बैंक द्वारा संचालित कृषक ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया और संबंधित कृषकों को ऋण योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए लगभग एक करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। इस अवसर पर अनेक किसानों सहित सिंडिकेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून से आए क्षेत्रीय प्रबंधक प्रमोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ कृषि ऋण अधिकारी रोहित आर्य, स्थानीय शाखा के ग्रामीण विकास प्रबंधक सानिध्य राजा एवं वरिष्ठ फील्ड वर्कर राकेश कर्णवाल एड. आदि अधिकारी-कर्मचारी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

15 सितम्बर तक बनवा लें नया सट्टा

अफजलगढ़। द्वारिकेश शुगर मिल पेराई सत्र 2018-19 के लिए नये सदस्य बनाये जा रहे हैं। किसान अपना नया सट्टा 15 सितम्बर तक बनवा सकते हैं तथा जिन किसानों का समिति पर बकाया है वह किसान एक मुश्त योजना के तहत 15 अगस्त तक जमा कर छूट का लाभ उठाये समिति के सचिव सहाब सिंह ने बताया कि नये सदस्य के लिए भू-अभिलेखों के साथ आधार कार्ड बैंक की पास बुक व तीन फोटो के साथ समिति में जमा करवा दें।

अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं मुअज्जमपुर नारायण क्षेत्रवासी

रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव

मुअिज्जमपुर नारायण। विशाल ग्रामीण क्षेत्र का केन्द्र बिन्दू मुअज्जमपुर नारायण अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, यहां के निवासी अनेक मूलभूत समस्याओं से ग्रस्त है। शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण विकास कोसों दूर हैं।

ब्लाक किरतपुर की ग्राम सभा रायपुर का मौजा मुअज्जमपुर नारायण की यूं तो आबादी लगभग दो-ढाई सौ होगी, लेकिन मुअज्जमपुर नारायण रेलवे स्टेशन पर आसपास क्षेत्र के गांव से सैकड़ों व्यक्ति आते हैं। दिन निकलते ही गहमा गहमी शुरू हो जाती है। अनेक यात्री प्रतिदिन अपने कार्यों से बिजनौर, नजीबाबाद, किरतपुर तथा अन्य जगहों के लिए निकलते हैं। मुअज्जमपुर नारायण रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव है। रेलवे स्टेशन दिन छिपते ही अंधेरे में डूब जाता है। रेलवे स्टेशन पर बना प्रतीक्षालय बदहाल स्थिति में है। प्लेटफार्म न. एक पर बने शौचालय बंद पड़े है। यात्रियों की संख्या के हिसाब से मात्र चार हैण्डपम्प लगे हैं जो कम है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या एक पर टीन शेड नहीं है, जबकि दो नम्बर प्लेटफार्म पर टीन शेड लगा हुआ है, लेकिन प्लेटफार्म दो की ऊंचाई कम होने के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में भारी परेशानी होती है। मुअज्जमपुर नारायण की आबादी रेलवे लाइन के पूर्व की ओर है तथा वहीं बैंक, साधन सहकारी समिति, प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल भी स्थित है। पश्चिम दिशा में बसे अनेक गांव के बच्चे रेलवे लाइन पार करके स्कूलों में जाते हैं। रेलवे लाइन पार करते समय अनेक बार दुर्घअनाएं हो चुकी हैं। नन्हें-मुन्ने बच्चों का रेलवे लाइन पार करना खतरे से खाली नहीं है। रेल प्रशासन ने यूं तो ओवर ब्रिज बनाया है, लेकिन वो मात्र प्लेटफार्म एक से प्लेटफार्म दो तक ही है। अगर ओवर ब्रिज सभी लाइनों को पारा करता तो ठीक था। मुअज्जमपुर नारायण में लगभग पचास-साठ व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं। रेलवे स्टेशन का मुख्य रास्ता बेहद खराब है। जो कीचड़ से अटा रहता है। यहां से किरतपुर जाने के लिए सुबह 9 बजे से पैसेंजर ट्रेन है जो नजीबाबाद से चलकर गजरौला को जाती है। इस ट्रेन के छुटने के बाद किरतपुर जाने के लिए एक मात्र साधन थ्री व्हीलर है। थ्री व्हीलर में सफर करना बेहद खतरनाक है। ये यात्रियों को भूसे की तरह बैठाते है और किलोमीटर का 14 रुपया वसूलते हैं। मुअज्जमपुर के विकास में उसका बड़े नगरों से न जुड़े होना बाधक है। रेलवे स्टेशन पर अनेक ऐसी गाड़ियां हैं जिनका स्टोपेज नहीं है, जिनका स्टोपेज है उनका समय अनुकूल नहीं है। यहां से सहारनपुर जाने के लिए प्रात: दस बजे लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन है, जिससे क्षेत्र के अनेक यात्री सहारनपुर, रुड़की, चंडीगढ़ जाते हैं। जबकि लखनऊ जाने के लिए यह ट्रेन रात्रि दस बजे पहुंचती है जो क्षेत्रीय जनता के अनुकूल नहीं है। क्षेत्रीय जनता शासन-प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों के झूठे आश्वासनों से तंग आ चुकी है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि वो मुअज्जमपुर नारायण के विकास के लिए सार्थक पहल करें। रेलवे स्टेशन को रोडवेज बसों से जोड़ा जाये। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों का स्टोपेज किया जाये। बंद पड़ी पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शीघ्र शुरू किया जायेगा।

मुअज्जमपुर नारायण कृषि बाहुल्य क्षेत्र है, यहां के निवासी खेती पर आश्रित है तथा पशु पालते हैं। पशुओं के बीमार होने की स्थिति में उन्हें इलाज के लिए किरतपुर 9 किलोमीटर या फिर नजीबाबाद ले जाना पड़ता है। कुछ लोग आज भी झाड़-फूंक का इलाज कराने को मजबूर हैं। शिक्षा की दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद पिछड़ा है। यहां राजकीय इंटर कालेज की स्थापना होनी चाहिए, जिससे क्षेत्र के बच्चे खासकर लड़कियों को सस्ती व शुलभ शिक्षा ग्रहण हो सके। -देवेन्द्र सैनी देव

मार्डन एरा पब्लिक स्कूल में 'टग ऑफ वार' प्रतियोगिता का आयोजन

बिजनौर। मार्डन एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर में 'टग ऑफ वार' प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य एकता में बड़ी शक्ति होती है इस भावना को जागृत करना था। इस प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी से कक्षा बारह तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के खेल के मैदान में 21 अलग-अलग टीम शामिल रहीं। 21 अलग-अलग टीमों के प्रदर्शन के बाद चार सदनों का परिणाम इस प्रकार रहा। यूकेजी से ग्लेडियोलस विनर रही। कक्षा प्रथम से उज्जैन हाउस प्रथम, द्वितीय से उज्जैन हाउस प्रथम, कक्षा तृतीय से तक्षशिला हाउस प्रथम और चतुर्थ से नालंदा हाउस ने प्रथम स्थन प्राप्त किया। कक्षा 5 से 12 तक अंतरसदनीय प्रतियोगिता दो वर्गो के बीच में हुई, प्रथम 5 से 8 जिसमें अजंता और तक्षशिला विजयी रहे, दूसरी वर्ग में कक्षा 9 से 12 के बीच, जिसमें अजंता और तक्षशिला सदन विजयी रही।

इस प्रतियोगिता के मौके पर उपस्थित विद्यालय की प्राचार्या डा. सीमा विश्वास ने बच्चों की इस प्रतियोगिता की खूब सराहना की और साथ ही खेल का आनन्द लेते हुए उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में प्रेम एवं एकता का महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए परस्पर मिलकर एकता के साथ रहना चाहिए और समय-समय पर इस प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होना चाहिए। इससे हमें मानसिक एवं आत्मिक बल को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह समस्त कार्यक्रम कॉर्डिनेटर रेनू भगत, फौजिया खानम, आराधना, राधा, रश्मि सिंह, मीनाक्षी शर्मा, सपना, परम, हेमलता और सोनिका भटनागर एवं समस्त अध्यापिकाओं के विशेष सहयोग आयोजित किया गया।

सम्पादकीय

बुधवार 25 जुलाई 2018

बेलगाम असहिष्णुता

पिछले कुछ सालों के दौरान असहिष्णुता की बढ़ती घटनाओं का सिलसिला एक बार फिर चर्चा में है। साफ है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीखी आलोचना के बावजूद इसे बढ़ावा देने वाली ताकतों पर कोई असर नहीं हो रहा है और पिछले कुछ दिनों में घटी ऐसी कई घटनाएं साफ तौर पर इन विचारों को दरकिनार अधिक करती हैं। ऐसे में चुनावी वर्ष में असहिष्णुता भी एक प्रमुख मुददा बनता जा रहा है क्योंकि लोकतंत्र में अगर दूसरों के विचारों को अभिव्यक्ति की आजादी नहीं मिलती, बिना किसी वजह और अफवाह के चलते भीड़ किसी के साथ हिंसा करें, तो शायद ही ऐसे तंत्र को कोई लोकतंत्र कह सके। ताजा घटनाओं में अलवर में एक अल्पसंख्यक पशु व्यापारी की हत्या और प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी अग्निवेश पर हमला आदि प्रमुख हैं। अलवर में पशु व्यापारियों की हत्या का यह तीसरा मामला है। अन्तिम मामले में तो पुलिस ने यहां तक हद कर दी कि घायल व्यक्ति पहले तड़पता रहा और पुलिस गायों को गौशाला भेजने का इंतजाम करती रही। कई घण्टे बाद जब घायल को अस्पताल पहुंचाया गया तो बच नहीं सका। इसी तरह, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी अग्निवेश पर हमला भी चर्चा में है, जिसके दौरान पिछले दिनों झारखंड में उन्हें अपने होटल के सामने सार्वजनिक रुप से मारा पीटा गया और अपमानित किया गया।

कहा जाता है कि मोदी शासन के दौरान असहिष्णुता की ऐसी लगभग 50 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें कार्रवाई तो हुई परंतु यह नहीं कहा जा सकता कि कानून के इन बढ़े हुए हाथों का ऐसी संकीर्ण ताकतों पर कोई असर हो रहा है। हालात की गंभीरता का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि एक केंद्रीय मंत्री ने अलवर की ताजा घटना पर कहा कि यह 'प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का सूचक' है। अब वो ही यह बता सकते हैं कि प्रधानमंत्री द्वारा भीड़ हत्या की आलोचना सही है या उनकी कथित टिप्पणी। इससे पूर्व भी दो केंद्रीय मंत्री ऐसे लोगों का सम्मान कर चुके हैं जो किसी ना किसी रुप में असहिष्णुता से जुड़ी घटनाओं में कथित तौर पर शामिल रहे हैं। एक मंत्री ने जहां जमानत पर छूटे ऐसे तत्वों का फूल माला पहनकर स्वागत किया, वहीं एक अन्य मंत्री पिछले दिनों ऐसे अराजक तत्वों को कथित तौर पर भरोसा दिलाने के लिए जेल तक पहुंच गये। ऐसे में स्वामी अग्निवेश का यह बयान उचित ही है कि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले या उन पर हमला करने वाले लोग अपरिचित नहीं है। अब लाख टके का सवाल यह है कि ऐसे असहिष्णु लोगों और लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी में यकीन रखने वाले लोगों के बीच कैसे तालमेल बैठेगा? ये सही है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में भीड़ हत्या की घटनाओं के संदर्भ में तीखी टिप्पणी की है और साफ तौर पर केंद्र व राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि वे जल्द से जल्द इन्हें रोकने के लिए जरुरी कदम उठायें, परंतु खासकर भाजपा शासित राज्यों में इस आदेश को प्रभावी बनाने की अनुगूंज औपचारिकता से अधिक नहीं है।

जहां तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन घटनाओं की आलोचना का संबंध है, यह भी बहुत औपचारिक रही है और उनके अविश्वास प्रस्ताव संबंधी भाषण के दौरान कुछ मिनटों में सिमट कर रह गई। यह भी देखा जाना चाहिए कि जो भाजपा उनके इशारे पर उठती-बैठती है, उससे जुड़े या उसके समर्थक लोग उनके असहिष्णुता संबंधी विचारों को तरजीह क्यों नहीं देते। बेहतर होता कि ये ऐसी घटनाओं से दूरी बनाने के लिए देश की जनता का आह्वान करते और उसे लोकतंत्र की मूल भावना पर कुठाराघात बताते। जो हो, इतना तो साफ है कि ऐसी असहिष्णु घटनाओं/बयानों को उनका कोई समर्थन नहीं है और ऐसे में उन्हीं के मंत्रिमंडिलीय सहयोगी संबंधित घटनाओं को प्रधानमंत्री की कथित लोकप्रियता से जोड़कर देख रहे हैं, ये सही नहीं है। प्रधानमंत्री को अपने ऐसे सहयोगियों को भी उनकी सीमाओं की याद दिलानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी पहले भी कई अवसरों पर असहिष्णुता और भीड़ हिंसा की तीखी आलोचना कर चुके हैं।

बढ़ती असहिष्णुता की इन घटनाओं के खिलाफ विपक्ष की तीखी प्रतिक्रियायें भी सामने आ रही हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरुर ने कहा है कि यदि ऐसी ताकतें जीतती हैं तो आने वाले समय में हमारे देश को 'हिंदू पाकिस्तान' बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने ऐसे अराजक तत्वों को 'हिंदू तालिबान' भी कहा। भले ही भाजपा ने इसे अतिरंजित कहा हो, परंतु इन पर प्रभावी रोक के अभाव में ऐसे बयान खानापूरी अधिक लगते हैं। इसी संदर्भ में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के संसद में दिये गये उस भाषण की भी चर्चा की जा सकती है, जिसके दौरान उन्होंने सभी के बीच प्रेम और सदभाव पर बल दिया था। अपने इस सोच पर बल देने की नीयत से उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पास जाकर उन्हें गले भी लगाया था, भले ही यह घटना मूल संदेश देने में असफल रही हो और मीडिया में इसे गैर जरुरी घटनाक्रम के रुप में देखा गया हो। जो हो, देश की गंगा-जमुनी तहजीब सिर्फ विभिन्न संस्कृतियों के प्रति आदर और प्रेम भाव ही नहीं सिखाती बल्कि देश की एकता का मूलमंत्र भी है। इसका निरादर कर किसी एक को विशिष्ट बताना दरअसल राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है।

भारतीय संस्कृति की मूल धारा कभी भी संकीर्ण नहीं रही और महान भारतविद् भगवत शरण उपाध्याय (जिनकी जन्म शताब्दी कुछ वर्ष पहले अचर्चित ही बीत गई) कहा करते थे कि भारतीय संस्कृति सिर्फ इसलिए महान है क्योंकि इसमें विभिन्न धर्मों/संस्कृतियों/रीति रिवाजों व परम्पराओं आदि को साथ लेकर चलने और उन्हें बराबर का सम्मान देने की अनूठी विशेषता मौजूद है। जाहिर है कि आज इसी मूल भावना पर चोट की जा रही है और संकीर्णता व असहिष्णुता को ही कथित भारतीय संस्कृति का नाम दिया जा रहा है। इस मनोवृत्ति का विरोध स्वाभाविक है और लोकतंत्र के सभी समर्थकों को इसके विरोध में आगे आना चाहिए। ये घटनाएं कुछ लोगों द्वारा किसी निरीह पर हमले तक सीमित नहीं है और न कानून व्यवस्था तक ही। यह एक चर्चित संकीर्ण विचारधारा से जुड़ी हुई हैं और ऐसे विचारों का विरोध शांतिपूर्ण ढंग से ही किया जा सकता है। सुप्रीमकोर्ट ने जिस तरह से किसी सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त न किये जाने पर बल दिया है और इन्हें रोकने के लिए तत्काल कड़े कदम उठाने पर जोर दिया है, उससे असहिष्णुता विरोधी ताकतों को बल मिलता है। दरअसल, भीड़ द्वारा हत्या या मारपीट सिर्फ एक गैर कानूनी घटना तक सीमित नहीं है बल्कि यह समाज में बड़े पैमाने पर मौजूद इन विचारों के विरोधी लोकतांत्रिक समुदाय को डराने की भी कोशिश है। इसी के चलते केरल में पिछले दिनों एक प्रमुख लेखक ने ऐसी धमकियां मिलने के बाद अपनी पुस्तक का विमोचन ही रोक दिया और सामाजिक जीवन से कट से गये। यह भूमिका प्रतिबद्ध लेखकीय सरोकारों की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और शांतिपूर्ण वैचारिक अभिव्यक्ति के लिए उसी राह पर चलना चाहिए था, जिस पर पूरा देश चल रहा है। जाहिर है कि भीड़ हिंसा के विरोध के लिए सबसे प्रमुख जरुरत वो डर भगाने की है, जिसकी कोशिश ऐसी ताकतें प्रायः करती हैं। कोशिश भले ही वे करती हों, परंतु समय ही बतायेगा कि जीत उनकी नहीं बल्कि समता और सभी की खुशहाली पर आधारित लोकतांत्रिक मूल्यों और वैचारिक अभिव्यक्ति की, उसकी मूलभूत विशेषताओं की ही होगी।

जब महाकवि नीरज धामपुर आये थे

श्रद्धासुमन



15 मई 2016 की सुबह। हिंदी गीतों के वटवृक्ष, पद्मभूषण और अपने गुरु प्रोफेसर गोपाल दास सक्सेना 'नीरज' के धामपुर आने की उत्कंट प्रतीक्षा। अपने शिष्य डॉ. विनोद कुमार को लेकर उनके स्वागत की तैयारी। दिन थोड़ा गर्म होने लगा। अचानक उनके निजी सचिव रामसिंह यादव का संदेश आया कि दादा(नीरज जी) वाया मेरठ कल हरिद्वार आ गये थे। अब हरिद्वार से चलेंगे। नगीना पहुंचने से पूर्व फोन कर दूंगा। मैं और विनोद नूरपुर मार्ग से नगीना मार्ग पहुंच गये। प्रशासन को सूचना दे दी गयी। प्रशासन भी हरकत में आ गया। तब उन्हें उत्तर प्रदेश के केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त था। उनकी व्यवस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले में की गयी थी। तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार और नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगा रखी थी। वे लगातार मेरे सम्पर्क में थे। गुरुजी ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित करा रखा था कि वे मेरे सम्पर्क में रहें।

हम स्वास्तिक गार्डन के किनारे साढ़े नौ बजे से ही डेरा डाले हुए थे। लगभग 11.00 बजे नजीबाबाद से निकलने की सूचना मिली। यह भी जानकारी मिली कि एक गाड़ी में गुरुजी और उनका सचिव है और दूसरी में उनका पुत्र और मेरा मित्र गुंजन और उसकी पत्नी। स्थानीय पुलिस को जैसे ही संदेश मिला वे पुलिस एस्कॉर्ट के साथ वहीं खड़े हो गये। कुछ देर बाद दोनों गाड़ियां रूकीं। एस्कार्ट की अदला-बदली हुई और मेरी गाड़ी के पीछे पुलिस की एस्कार्ट और उनकी दोनो गाड़ियां गेस्ट हाउस की ओर चलने लगीं। वहां पहुंचकर प्रोटोकॉल की औपचारिकताओं के बाद उन्हें सूइट नं. 1 में पहुंचाया गया। व्हील चेयर को मैंने खुद पकड़ा और रामसिंह के साथ सहारा देकर उन्हें आराम करने के लिए बेड पर लिटा दिया। लोगों को जैसे-जैसे पता लगता गया, उनसे मिलने वालों का समूह वहां आने लगा। मैंने विश्राम के बाद उन्हें चाय पिलाकर सूचना दी तथा कुछ लोगों ने उनके साथ अपने फोटो खिंचवाये। एक स्थानीय युवा कवि अनिल शर्मा 'अनिल' ने उनके द्वारा अपने एक पुस्तक का विमोचन भी करवाया। मैंने अनुरोध किया कि उन्हें थोड़ा विश्राम करने दें, उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। सच में बुखार था उन्हें, दवा लेकर थोड़ी देर सोने दिया गया।

'नीरज' नाम ही ऐसा था कि लोगों को मिलने आना स्वाभाविक था, तत्कालीन उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, कोतवाल आदि ने गुरुजी के साथ फोटो खिंचवायें । मैंने उन्हें भी अनुरोधपूर्वक विदा किया और दोपहर के भोजन की व्यवस्था कर दी गयी। दोपहर के भोजन के बाद विश्राम और चाय-नाश्ता। गुरुजी ने पूछा कि-तुम्हारा घर कितनी दूर है? बिजनौर से तो दूर बताकर टाल गये थे, अब तो ले चल भई' मैंने विनम्रतापूर्वक कहा कि- 'सर, घर पर तो आपका इंतजार हो रहा है', 'तो फिर चलो'। हम आनन-फानन में शुगर मिल वाले बाईपास से निकलकर 'निलयम' पहुंच गये। वहां मयंक, श्वेता, सुयश थे वत्दा के साथ श्रीमती जी सच में प्रतीक्षा में थी। पड़ोसी श्री सी.पी. सिंह सपत्नीक थे। गर्मी बहुत थी। ए.सी. चल रहा था। एक कमरा ठण्डा किया गया। मेरे निर्देशन में उन पर दो हुए दो शोध कार्यों के शोध प्रबंधों पर अपने हस्ताक्षर किये, मेरे द्वारा लिखित प्रकाशित सभी अट्ठारह रचनाओं पर हस्ताक्षर करके उन्हें अमरत्व प्रदान किया।

कक्ष में अन्दर अधलेटी स्थिति में बैठकर चाय पी। अपने पुत्र-पुत्र वधु को मेरे छात्र जीवन की कुछ घटनायें सुनायीं। एक संस्था द्वारा इनका नागरिक सम्मान प्रस्तावित था। नीरज जी का नाम, स्वयं को महान-दर्शाने की प्रवृत्ति। मौका इसलिये उनको मिला क्योंकि मैं एक मण्डप की व्यवस्था करता। उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने क्लब और मण्डप को बनाकर प्रस्तुत करना चला। यद्यपि ऐसा हो नहीं पाया। उन्होंने अपने मित्र-मण्डली के सहयोग से भोजन की व्यवस्था भी की थी। उन्होंने शाम के कार्यक्रम को आठ बजे कराने का प्रस्ताव रखा। हम अपने आवास से छः बजे आर.एस.एम. तिराहे होते हुये, रास्ते से प्रिय मनोज वत्सल तथा बाबू गजेन्द्र सिंह एडवोकेट को साथ लेकर वहां गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां वे सभी तैयार हुए और सही आठ बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गये। बैण्ड के साथ गुरु जी का स्वागत हुआ। मंच को तत्कालीन मंत्री मूलचन्द्र चौहान, डी.सी.एम. के अधिशासी अध्यक्ष संदीप शर्मा आदि ने मंच को सुशोभित किया। गुरुजी ने सीधे बोलना शुरु किया। मैंने धर्मपत्नी कंचन शर्मा और श्रीमती मीरा अग्रवाल तथा सुनीता कुमार अग्रवाल के साथ उन्हें अंग वस्त्र और गुरू दक्षिणा देकर गुरु शिष्य परंपरा का निर्वाह किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्पष्ट तौर पर कहा कि- शंकर जैसा शिष्य हर गुरु को मिले जो बानवे वर्ष की इस अवस्था में अपने गुरू को अपने कार्यनगर में सम्मानित कर रहा है। रात्रि विश्राम करके सुबह दस बजे नाश्ते के बाद वे सपरिवार हरिद्वार वापस चले गये। मुझे घर पर उन्होंने तीसरे विश्व युद्ध की संभावना पर एक कविता सुनाई जिसकी पहली पंक्ति थी -

'इस नई उमर की नई फसल का क्या होगा!'' आगे कविता के भाव हैं - ये गेहूं, ये तितली, ये हरियाली आदि का क्या होगा?''

मेरे जहन में नई उमर की नई फसल के प्रसिद्ध गीत 'कारवां गुजर गया.....'' के गीतकार श्रद्धेय नीरज जी के कारवां के गुजर जाने के बाद उनके पहले सिने गीत की फिल्म 'नई उमर की नई फसल' से अब 'नई उमर की नई फसल का क्या होगा' कविता के महान कवि को स्मरण करते हुए नमन करता हूं।

-डॉ. शंकर लाल शर्मा 'श्रेम'

राजनीति में माफी मांगने का बढ़ता प्रचलन

-प्रकाश भटनागर

राजनीति में इन दिनों माफी मांगने का प्रचलन बढ़ रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने इस प्रचलन को हवा दी है। देशभर में खुद पर दर्ज तकरीबन 40 मानहानि के मुकदमों से निपटने के लिए उन्होंने माफी मांगने की शुरुआत की है। उनका कहना है कि काफी सोच-विचार के बाद उन्होंने महसूस किया कि या तो काम कर लें, या मुकदमे ही लड़ लें। पंजाब के अकाली नेता बिक्रम मजीठिया से माफी मांगने के साथ शुरू हुई उनकी यह प्रक्रिया अभी दिल्ली तक पहुंच गई है, जहां केजरीवाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के पुत्र अमित सिब्बल सहित अनेक लोगों से माफी मांगी है। पंजाब चुनाव के दौरान उन्होंने बिक्रम मजीठिया को ड्रग्स का सप्लायर कहा था, जबकि नितिन गडकरी पर देश के सर्वाधिक भ्रष्ट नेताओं में से एक होने का आरोप लगाया था। वोडाफोन टैक्स मामले को अदालत से बाहर सुलझाने में कपिल सिब्बल के पुत्र अमित सिब्बल पर निजी लाभ के लिए शक्ति का दुरुपयोग करने की बात उन्होंने कही थी। क्षमा लेना और देना भारतीय संस्कृति की स्वस्थ परम्परा है लेकिन राजनीति में आज इस गरिमामय शब्द का दुरुपयोग हो रहा है।

क्षमा मांगने वाला अपनी कृत भूलों को स्वीकृति देता है। भविष्य में पुनः न दोहराने का संकल्प लेता है। यह उपक्रम व्यक्ति के अहं को झुकाकर उसे ऊंचा उठा देता है, आदर्श जीवन की ओर अग्रसर कर देता है। लेकिन राजनीतिक माफी में ऐसा नहीं होता। पहले दूसरों को बदनाम करने के लिए झूठे एवं बेबुनियाद आरोप लगाओ, खूब प्रचार पाओ और जब लाखों-करोड़ों के मानहानि के मुकदमे का सामना करना पड़े तो माफी मांग लो। यह सिलसिला इसलिए ठीक नहीं, क्योंकि माफी सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसा भाव है, एक आदर्श की प्रस्तुति है, जो किसी व्यक्ति द्वारा की गई गलती का प्रायश्चित करने के अहसास से उभरता है। दिखावे के लिए या फिर अदालती मुसीबत से बचने के लिए माफी मांगना एक तरह से माफी शब्द की गरिमा को धुंधलाना है। इस तरह माफी मांगने से केजरीवाल का कद ऊंचा नहीं हुआ है बल्कि आम-जन के भरोसे के मोर्चे पर भारी नुकसान हुआ है। लेकिन नैतिक रूप से इसका सकारात्मक पक्ष यह भी है कि भारतीय राजनीति में किसी ने माफी मांगने का साहस तो दिखाया है। वरना यहां तो हम आरोप के जवाब में आरोप लगाने की रणनीति ही देखते हैं।

आजकल केवल राजनीति में ही नहीं, बल्कि आम-जनजीवन में भी सॉरी शब्द का प्रचलन और प्रयोग पूरे विश्व में बहुत ज्यादा होने लगा है। आप किसी भी घटना, दुर्घटना के बाद इस शब्द को बोल कर बच कर निकल सकते हैं और सामने वाला पीड़ित व्यक्ति भी केवल इस छोटे से शब्द बोलने से ज्यादा प्रभावित हो जाता है। मगर आजकल इसका प्रयोग कुछ ज्यादा ही होने लगा है और इसके मायने भी बदल गए हैं। आज लोग किसी को जानबुझ कर मारपीट कर, हत्या कर, छेड़कर, प्रताड़ित कर, धक्का देकर, विवादित टिप्पणी कर या फिर ऐसे भी बहुत सारी घटनाओं को करने के बाद उससे बचने के लिए इस तरह के शब्द बोलते हैं और बचकर निकल जाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि वह व्यक्ति जिसने उस घटना के बाद सॉरी बोला है, उसके बाद उसने उस तरह की घटनाओं से दूर हुआ है या ऐसी घटनाएं दुबारा नहीं दुहराता है? आपका जवाब होगा नहीं। तो फिर लोग इस तरह के शब्द क्यो बोलते हैं? क्या वह इसका मतलब नहीं जानते या इसका महत्व नहीं जानते, या फिर जानबूझ कर दूसरों पर अपनी छाप छोड़ने के लिए करते हैं।

आरोप साबित करने पड़ते हैं, यह बात देश के राजनीतिक राडार से गायब हो गई लगती है। सफाई में जब-तब लोगबाग यह कहते हैं कि चुनावी माहौल में कुछ बातें मुंह से निकल जाती हैं। राजनीतिक लोगों के भीतर इतना अनुशासन होना ही चाहिए कि किसी पर अनर्गल आरोप न लगाएं, लेकिन बाद में अपनी गलती का एहसास हो जाए तो मामले को खींचने और मुकदमेबाजी में देश का पैसा बर्बाद करते जाने से अच्छा है कि वे माफी मांगकर मामला रफा-दफा करें। इससे ऊपर की स्थिति वह हो सकती है, जिसका सामना मीडिया की बड़ी हस्तियों को कई बार करना पड़ा है। किसी कड़क रिपोर्ट की सत्यता कभी-कभी सिर्फ इसलिए प्रमाणित नहीं हो पाती, क्योंकि जांच एजेंसियां सरकार के इशारे पर काम करती हैं। ऐसे में कई वरेण्य संपादकों ने माफी मांगने के बजाय मानहानि के मुकदमे में सजा भुगतने का फैसला किया, जिससे उनका कद घटने के बजाय और बढ़ गया। केवल तकनीकी कारणों से माफी मांगने वाले राजनेताओं के पास भी इन संपादकों का रास्ता पकड़ने का विकल्प होता ही है।

सॉरी, पूरे विश्व में यह आज बहुत ज्यादा प्रचलित और प्रयोग किए जाने वाला शब्द है। आप किसी भी घटना, दुर्घटना के बाद इस शब्द को बोल कर आप बच कर निकल सकते हैं और सामने वाला पीड़ित व्यक्ति भी केवल इस छोटे से शब्द बोलने से ज्यादा प्रभावित हो जाता है। मगर आजकल इसका प्रयोग कुछ ज्यादा ही होने लगा है और इसके मायने भी बदल गए हैं। आज लोग किसी को जानबुझ कर मारपीट कर, हत्या कर, छेड़कर, प्रताड़ित कर, धक्का देकर, विवादित टिप्पणी कर या फिर ऐसे भी बहुत सारी घटनाओं को के बाद उससे बचने के लिए इस तरह के शब्द बोलते हैं और बचकर निकल जाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि वह व्यक्ति जिसने उस घटना के बाद सॉरी बोला है, उसके बाद उसने उस तरह की घटनाओं से दूर हुआ है या ऐसी घटनाएं दुबारा नहीं दुहराता है?

आपका जवाब होगा नहीं। तो फिर लोग इस तरह के शब्द क्यो बोलते हैं? क्या वह इसका मतलब नहीं जानते या इसका महत्व नहीं जानते, या फिर जानबूझ कर दूसरों पर अपनी छाप छोड़ने के लिए करते हैं। तो आइए आज हम आपको बताते हैं इसके मायने और अर्थ।

पहले दूसरों को बदनाम करने के लिए झूठे एवं बेबुनियाद आरोप लगाओ, खूब प्रचार पाओ और जब लाखों-करोड़ों के मानहानि के मुकदमे का सामना करना पड़े तो फिर एक दिन कहो कि हम अपना कीमती समय बचाने के लिए माफी मांग रहे हैं। यह सिलसिला इसलिए ठीक नहीं, क्योंकि माफी सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसा भाव है जो किसी व्यक्ति द्वारा की गई गलती का प्रायश्चित करने के अहसास से उभरता है। दिखावे के लिए या फिर अदालती मुसीबत से बचने के लिए माफी मांगना एक तरह से माफी शब्द की गरिमा को कम करना है। एक समय माफी मांगने वाला शर्म से जमीन में गड़ जाता था। माफी मरण समान मानी जाती थी। कल्पना कीजिए कि कोई एक व्यक्ति दूसरे को बेवजह बदनाम करता है और उस पर अनर्गल और आधारहीन आरोप लगाता है। अगर आरोप लगाने वाला जानी-मानी शख्सियत होता है तो मीडिया भी उसके आरोपों को खूब महत्व देता है। बहुत होता है तो कभी-कभी पीड़ित का पक्ष भी आ जाता है, लेकिन इतने मात्र से वह आरोपों से मुक्त नहीं होता। ऐसे में पीड़ित के पास अपनी बेगुनाही साबित करने का एक ही माध्यम रह जाता है और वह है अदालत की शरण में जाना। यह साफ है कि यदि मानहानि के मामले अदालतों में न पहुंचें तो कोई माफी मांगने की जहमत ही नहीं उठाए। माफी मांगने और माफी मिल जाने के बाद कानूनी तौर पर मामला भले ही समाप्त हो जाता हो, लेकिन अदालतों का जो अच्छाखासा समय बर्बाद होता है उसकी भरपाई नहीं होती। क्या अदालतों के वक्त की कोई कीमत नहीं? अच्छा हो कि माफ करने वाले इतनी आसानी से माफी न दें। वैसे भी माफी इसी भाव से अधिक दी जाती है कि चलो पिंड छूटा। यह ठीक वैसे ही है जैसे कभी कोई भिखारी पीछा न छोड़े तो उसे भीख देकर पिंड छुड़ा लिया जाता है। जैसे यह दिल से दिया गया दान नहीं होता वैसे ही मानहानि के मामलों में माफ करने के प्रसंग भी दिल से माफी देने के नहीं कहे जा सकते। आखिर हमारे नेता भावी पीढ़ी को क्या संस्कार दे रहे हैं?

जनता का मंच

पॉलीथीन पर प्रतिबंध सही लेकिन...

कौन नहीं जानता कि पॉलीथीन कितनी नुकसानदेह है। कई बार तो जब गाय का पोस्टमार्टम करने पर उसके पेट से कई-कई किलो पॉलीथीन की थैली निकली। यह मिट्टी में भी गलती नहीं, प्रदूषण बढ़ाती है। नाले, नालियां इससे अट जाते हैं। जानवर इन्हें खाकर मौत का ग्रास बन जाते हैं। इस पॉलीथीन पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया और सरकार ने एक बड़ा अच्छा निर्णय लेकर 15 जुलाई से इस पर प्रतिबंध लगा दिया। पकड़े जाने पर जुर्माना व सजा का ऐलान भी किया। आज जगह-जगह जागरुकता पैदा की जा रही है। पॉलीथीन से होने वाले नुकसान को जनता को बताया जा रहा है, पॉलीथीन से मुक्ति दिलाने के लिए स्कूली बच्चे रैली निकाल रहे हैं। जनता को जागरुक किया जा रहा है। सराहनीय और जनहित का काम है, लेकिन हड़बड़ाहट में जैसे नोटबंदी की गई थी, उसका विकल्प नहीं सोचा गया। जनता परेशान हो गई थी और परेशानी धनपतियों को नहीं, जो अवैध नोट रख रहे हैं उन्हें नहीं हुई शायद कोई घर ऐसा नहीं होगा, जिसमें प्लास्टिक के थैले न हों, डिस्पोजल के गिलास आदि न हो। सबसे पहले तो सरकार को जो यह निर्माण करते हैं उन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाना चाहिए जब यह बनेंगे ही नहीं तो कोई भी व्यक्ति इनका प्रयोग नहीं कर सकेगा। दूसरे प्लास्टिक डिस्पोजल की बिक्री पर रोक लगाने की अवधि 2 माह या तीन माह कर देनी चाहिए, जिससे जिस भी व्यापारी या दुकानदार पर माल हो उसे वह समाप्त कर सके। एकदम से प्रतिंध लगाकर सरकार अफसरशाही को धन कमाने का स्वयं मौका दे रही है। हमारे प्रदेश की नौकरशाही को कौन नहीं जानता सरकार कोई नियम बनाएं जिसमें जुर्माना करने का प्रावधान हो तो इन अफसरों की बांछें खिल जाती है और यह कमजोर, गरीब लोगों से धन वसूलना शुरू कर देते हैं। सरकार को कुछ माह का समय देकर इनके बनाने, बेचने व प्रयोग करने वालों पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। इससे सांप भी मर जाएगा और लाठी भी नहीं टूटेगी। जनपद में जो नगर पालिका कर्मी घूम-घूमकर पॉलीथीन के विरुद्ध जनजागरण चला रहे हैं और जनता से प्लास्टिक का समान इकट्ठा कर रहे हैं वह बधाई के पात्र हैं। पर्यावरण की दृष्टी से भी पॉलीथीन बहुत नुकसानदायक है। यह कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था पर चलो देर आयद दुरुस्त आयद।

-डॉ. सत्येंद्र कुमार शर्मा, चांदपुर

गौमाता की रक्षा के लिए सुझाव

महोदय रोजाना गौमाता की रक्षा के नाम पर करोड़ों खर्च करने से अच्छा एक सुझाव है। आप केवल एक ऐलान कर दीजिए कि कल से गाय का गोबर 5 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सरकार द्वारा खरीदा जाएगा और इस गोबर से जैविक खाद तथा मीथेन गैस जैसी अन्य उपयोगी चीजें बनाई जाएंगी।

एवं गौ मूत्र 2 रुपये प्रति लीटर!

विश्वास कीजिए कि रातोरात सड़क पर घूमने वाली गौमाता घरों के अंदर बंध जाएगी और देश में खाद्य एवं गैस की दिक्कत दूर हो जाएगी। देश सोने की चिड़िया बन जाएगा एवं अवैध और वैध दोनों प्रकार के बूचड़खाने बंद हो जाएंगे। धन्यवाद

-एक भारतीय की कलम से

महाराजा हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने छः विकेट से जीता क्रिकेट मैच

खेलों से मिलता है भाईचारे को प्रोत्साहन : डॉ. विश्व अवतार जैमिनी

(सुशील कुमार शर्मा)

मुरादाबाद। महाराजा हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरादाबाद के शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के तत्वावधान में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। मैत्री मैच महाराजा हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद के बीच खेला गया, जिसमें दोनों महाविद्यालयों की टीम से तीन-तीन शिक्षकों ने भी भाग लिया। मैत्री क्रिकेट मैच महाराजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद को 6 विकेट से हराकर जीता। हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद के कप्तान डॉ. आनन्द सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20-20 ओवरों के मैच में हिन्दू कॉलेज 20 ओवरों में मात्र 104 रन ही बना सका। राजेश ने शानदार 39 रनों की पारी खेली। कप्तान डॉ. आनन्द सिंह एवं मनोज ने 12-12 रन बनाये। डॉ. पंकज सिंह एवं विक्रांत ने 7-7 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। शेष खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। हिन्दू कॉलेज के दो खिलाड़ी बिना खाता खोले पहले ही ओवर में पवेलियन लौट चुके थे। उन्हें जीशान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आउट किया।

महाराजा हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने 105 रनों के निर्धारित लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। रज़ा ने 36, अनस ने 20 तथा अरबाज ने 18 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाराजा हरिश्चन्द्र की टीम ने 15 ओवर में 105 रन बनाकर छः विकेट से जीत दर्ज की। हिन्दू कॉलेज की ओर से डॉ. पंकज सिंह ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए दो विकेट लिए। विक्रांत के हिस्से में एक विकेट आया। दोनों ओर से डॉ. आनन्द सिंह, अजीत कुमार दीक्षित, डॉ. पंकज सिंह, मनीष भट्ट, डॉ. सुधीर अरोड़ा ने शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन किया। सभी ने इन खिलाड़ियों की फील्डिंग की प्रशंसा की। इससे पहले क्रिकेट मैच का शुभारंभ महाविद्यालय के संरक्षक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. विश्व अवतार जैमिनी के कर कमलों द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबन्धक काव्य सौरभ रस्तौगी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के संरक्षकडॉ. विश्व अवतार

खेलो महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता

हिन्दू कॉलेज के खिलाड़ियों ने भी किया शानदार प्रदर्शन

जैमिनी ने क्रिकेट टीम व महाविद्यालय परिवार को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सदा स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही साथ महाविद्यालय के ऑफिस स्टाफ को उनकी कार्य कुशलता के लिए सम्मानित भी किया। उन्होंने बताया कि अब खेल के क्षेत्र में भी बहुत संभावनाएं हैं। खिलाड़ियों को नौकरी के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। प्रसिद्ध खेलों में अर्थ की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि खेलों से अनुशासन और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। जितने भी प्रसिद्ध खिलाड़ी हुए हैं, वह सभी अनुशासन प्रिय रहे हैं। इसलिए यदि अच्छा खिलाड़ी बनना है तो अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने शानदार आयोजन के लिए प्राचार्या डॉ. मीना कौल एवं आयोजन समिति को विशेष रूप से बधाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में प्रबन्धक काव्य सौरभ रस्तौगी ने कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार की क्रीड़ा प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं में उत्साह एवं रोमांच पैदा करती हैं तथा खिलाड़ियों को अपना शारीरिक कौशल दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही इससे महाविद्यालय का परिवेश भी गतिमान तथा स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि अब तो खेल के क्षेत्र में भारत रत्न भी दिया जा रहा है। सचिन रमेश तेंदुलकर को क्रिकेट के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु भारत सरकार द्वारा भारत रत्न प्रदान किया गया। आज कई खिलाड़ी करोड़पति नहीं बल्कि खेलों के दम पर अरबपति हो गये हैं। उन्होंने दोनों टीमों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में हिन्दू कॉलेज के क्रीड़ा सचिव डॉ. पंकज सिंह एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक डॉ. आनन्द सिंह ने छात्रों को स्वस्थ मन से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी अनुशासन प्रिय होते हैं, वह हमेशा ही आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की यशस्वी प्राचार्या डॉ. मीना कौल ने कहा कि खेल, खिलाड़ी को अच्छा इंसान बनाने की तरफ प्रेरित करते हैं, जो समाज से विसंगतियां एवं विकृतियां दूर करने में सहायक सिद्ध होते हैं। प्राचार्या ने खेलों इंडिया की तर्ज पर 'खेलों महाविद्यालय' आरंभ करने की घोषणा की। इस मैत्री क्रिकेट मैच का आनन्द महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं ने उठाया। मैच का आयोजन व संयोजन शारीरिक शिक्षा विभा प्रभारी मनीष भट्ट ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश चन्द्र गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनीष भट्ट ने किया। इस अवसर पर डॉ. संगीता, डॉ. कामिनी शर्मा, डॉ. सुधीर अरोड़ा, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. सुषमा गुप्ता, डॉ. असमा अज़ीज़, अजीत कुमार दीक्षित, मनीष भट्ट आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

पुलिस ने किया लोकेश की हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

अमरोहा। थाना नौगांवा सादात के गांव अव्वलपुर में बीती 18 जुलाई की रात्रि में लोकेश की हत्या कर दी गई थी। मृतक लोकेश के भाई संजीव कुमार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम अव्वलपुर थाना नौगांवा सादात ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई लोकेश रात्रि में ट्यूबवैल चलाने के लिए खेत पर गया था। काफी देर बाद भी उसके घर वापस न आने पर वह अपने पिता को साथ लेकर खेत पर गया तो लोकेश ट्यूबवैल के पास मृत पड़ा मिला। वादी की तहरीर पर राजेश कुमार पुत्र स्व. मंगल सिंह, सत्यप्रकाश व सुरेन्द्र पुत्रगण शिवचरण सिंह, नरेश पुत्र नत्थू सिंह तथा रवि पुत्र पुरुषोत्तम सिंह को नामजद करते हुए मुकदमा लिखकर विवेचना शुरु की गई। एसपी कार्यालय में पत्रकारों को इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक एसके सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की सुबह लगभग पौने सात बजे अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र शिवचरण सिंह को नौगांवा अमरोहा रोड पर अकबरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे अभियुक्त रवि को त्वरित कार्रवाई करते हुए बीलना पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। जब दोनों अभियुक्तों से गहनता से पूछताछ की गई तो बताया गया कि मृतक लोकेश ने उनके खेतों में जबरदस्ती चकरोड निकलवाई थी। साथ ही नामजद अभियुक्त राजेश जो वर्तमान में तहसील धनौरा में तैनात है, उसके खिलाफ शिक्षा के अभिलेख फर्जी होने की शिकायत कर रखी है, जिसके चलते ही लोकेश से दुश्मनी चल रही थी। लोकेश को रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने राजेश, सत्यप्रकाश व नरेश से मिलकर मृतक लोकेश को खेत पर पानी देते समय पकड़ कर गिरा लिया तथा सत्यप्रकाश व नरेश ने उसके हाथ दबा लिये। रवि ने पैर पकड़ लिए तथा मैंने लोकेश के सिर पर फावड़े के चार पांच वार किये, जिससे लोकेश की मौत हो गई। हम लाश को ठिकाने लगाने का प्रयास कर ही रहे थे कि गांव के मुरारी लाल, भगवान दास ने टॉर्च की रोशनी में हमें देख लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पेंचकस, प्लास व फावड़े की गुज को बरामद कर लिया गया है।

पॉलीथीन थैली के प्रयोग के खिलाफ एसडीएम ने चलाया चैकिंग अभियान

अमरोहा। बीती 15 जुलाई से पॉलीथीन थैलियों के प्रयोग पर पाबंदी लगाये जाने के बाद से नगर पालिका की ओर से अनेक बार चैकिग अभियान चलाकर कई दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना भी लगाया गया है। मंगलवार को भी उपजिलाधिकारी सदर व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी का चार्ज देख रहे सुखवीर सिंह ने पूरी टीम को साथ लेकर बाजार व गलियों में चैंकिग की। बताया जाता है कि इस दौरान एक दुकानदार पर जुर्माना भी डाला गया। प्रदेश सरकार द्वारा पॉलीथीन थैली के प्रयोग पर पूरी तरह से पाबंदी लगाये जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन

पूरी तरह सतर्क हो गया है। बीते सप्ताह भी एसडीएम सदर व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुखवीर सिंह ने बाजार कोट के के साथ ही मंगल बाजार में पहुंच कर पॉलीथीन थैली का प्रयोग करने को लेकर चैकिंग की थी। तब नौ लोगों का चालान काटकर जुर्माना वसूला गया था। मंगलवार को भी नगर पालिका परिषद की टीम ने शुरुआत कोट चौराहे से की तथा बाजार शफातपोता होते हुए मुहल्ला नियारयान की गलियों में भी चैकिंग की। इस मौके पर कर अधीक्षक सुहेल खां, इल्तजा हुसैन, छवि शर्मा, असद जमाल, यूनुस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

गांव के विकास पर प्रदेश सरकार का विशेष जोर: खड़गवंशी

अमरोहा। प्रदेश सरकार किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। नई योजनाएं लाकर लोगों को उनके प्रति प्रेरित किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने के लिए हम सबको आगे बढ़कर योजनाओं को कामयाब करना होगा।

यह विचार मंगलवार को हसनपुर के मैथिली गार्डन में विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने व्यक्त करते कहा कि बेसिक विभाग द्वारा हसनपुर में इंग्लिश मीडियम स्कूल भी शुरु किये गये हैं, जिनमें योग्य अध्यापकों की नियुक्ति की गई है। अब यह हमारा कर्तव्य है कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक इन विद्यालयों में प्रवेश दिलाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना तभी पूरा होगा,

जब गांव का विकास होगा। जिलाधिकारी हेमंत कुमार ने कहा कि बीती 13 जुलाई को जिले को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है, लेकिन सरकार ने हमें तीस दिन का समय और दिया है। इसमें जो पात्र रह गये हैं, उन्हें शौचालय उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी सिलसिले में भारत सरकार द्वारा एक से 31 अगस्त तक सर्वेक्षण टीम आएगी। प्रत्येक विकास खंड में तीन से चार गांव की रैंडम चैकिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य 15 अगस्त को पूरे प्रदेश में नौ करोड़ वृक्ष लगाने का है। जिले का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि ठोस व तरल कचरा प्रबंधन की भी व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता चौधरी के पति भूपेन्द्र सिंह, एसडीएम हसनपुर, परियोजना निदेशक, बीडीओ, अनेक ग्राम प्रधान व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मनोज गुप्ता बने प्रभारी वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी

मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद में श्री मनोज गुप्ता अब प्रभारी वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में कार्यभार देखेंगे। श्री मनोज गुप्ता की तैनाती श्री जगपाल सिंह यादव के स्थान पर की गई है। श्री जगपाल सिंह यादव इस पद पर कार्य करने के इच्छुक नहीं थे तथा उन्होंने स्वेच्छा से इस पद पर कार्य न करने का अनुरोध भी किया था। गौरतलब है कि साफ एवं ईमानदार छवि वाले श्री मनोज गुप्ता को लोकप्रिय नगर आयुक्त श्री अवनीश कुमार शर्मा ने उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में सहायक अभियन्ता को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। श्री मनोज गुप्ता ने कहा कि माननीय नगर आयुक्त ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उस विश्वास पर खरा उतरेंगे।

किसानों के गन्ने का बकाया शीघ्र भुगतान करें चीनी मिल: चौधरी

अमरोहा। सरकारी उपेक्षा के कारण आज किसान की दुर्दशा देखी नहीं जा रही है। चीनी मिलें किसानों का गन्ना लेने को तैयार हैं, लेकिन उनका बकाया देने में आनाकानी कर रही हैं। ऐसे में किसान क्या करे, अपनी बात किससे कहें। इन सब समस्याओं को जानने व हरसंभव समस्या के समाधान के लिए ही अमरोहा जनसंवाद यात्रा शुरु की गई है। गांव हसनपुर से शुरु होकर बादरपुर, नूरपुर, तुगलकाबाद, जिहल, देहरा, त्रिलोपुर, अम्बरपुर पीठखेड़ा, तैसिया होते हुए सबदलपुरा में रात्रि विश्राम करने आ पहुंची। पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ तथा लोग निरंतर जुड़ रहे हैं। कई गांव में किसानों को संबोधित करते हुए सचिन चौधरी ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद राजनीतिक नहीं, बल्कि किसान, मजदूर व आम आदमी की समस्याओं को निकट से समझना है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर व आम आदमी कर्ज के बोझ से दब रहा है। जबकि आद्यौगिक घराने आगे बढ़ रहे हैं। समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है। निश्चय ही इसको दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तो शहर के मुकाबले समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य का लिया जायज़ा

रामपुर। जिलाधिकारी श्री महेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री राम भरत तिवारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई श्री एनके सिंह एवं उपजिलाधिकारी टाण्डा श्री मानसिंह पुण्डीर ने राजस्व टीम के साथ तहसील टाण्डा के अन्तर्गत बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।

अपर जिलाधिकारी ने प्रानपुर मजरा पहुंचकर नदी की कटान एवं उससे मजरे पर पड़ने वाले प्रभाव को रोकने के मद्देनजर अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को निर्देश दिए कि नदी के तटीय क्षेत्र में स्थित ऐसे गांव जिनमें बाढ़ के दौरान कटान एवं अन्य कारणों से समस्या उत्पन्न होने की सम्भावना है वहॉ बल्ला, नायलॉन क्रैक सहित अन्य जरूरी प्रबन्ध यथाशीघ्र सुनिश्चित करा लें, जिससे बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की सम्भावित हानि को रोकने अथवा कम करने में मदद मिलेगी। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई श्री एनके सिंह ने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए रिजर्व स्टॉक सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, जिससे बाढ़ के दौरान जनसामान्य को यथाशीघ्र राहत पहुंचायी जा सके।

शासन द्वारा इस बार जनपद में बाढ़ से राहत एवं बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ बटालियन की तैनाती की गई है, जिनके द्वारा भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का 02 बार निरीक्षण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ राहत चैकियां बनायी गई है, जिन पर सुरक्षा बलों के साथ-साथ राजस्व कर्मी एवं अन्य स्थानीय कर्मचारियों की भी तैनाती की जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2010 में आयी बाढ़ को ध्यान में रखकर आवश्यक तैयारियां को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया है। दढ़ियाल, अकबराबाद, प्रानपुर मजरा, पसियापुरा सहित ऐसे गांव जो भारी बारिश के दौरान बाढ़ से प्रभावित होते है उनमें चिकित्सीय सुविधा, राशन, मिट्टी का तेल एवं जानवरों के लिए भूसा आदि सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को जनसामान्य तक तत्काल उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त प्रबन्ध के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके है। इसके अतिरिक्त बाढ़ क्षेत्रों के सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं।

तालाब में नहाने गये छात्र की डूबने से मौत

अमरोहा। वासुदेव तीर्थस्थल के तालाब में नहाने गये कक्षा दस के छात्र की पानी में डूबकर मौत हो गई। स्थानीय लोगो ने छात्र को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने छात्र की हालत गम्भीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत की खबर परिजनों को दी गई। छात्र की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली नगर के मौहल्ला शाही चबूतरा में सतपाल का परिवार रहता है। सतपाल के छः बच्चे हैं, जिनमें रिंकू सबसे बड़ा है। रिंकू नगर के ही मौहल्ला किशनगढ़ स्थित प्रकाश हाईस्कूल विद्यालय में पढ़ता है, जोकि रोजाना की तरह स्कूल पढ़ने मंगलवार को भी गया था। बताया जा रहा है कि छात्र रिंकू अपने

छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा

दोस्तों के साथ वासुदेव तीर्थस्थल स्थित तालाब में नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाकर तालाब से बाहर आ गये। जबकि रिंकू तालाब में नहा रहा था। जब रिंकू डूबने लगा तो उसके दोस्त बजाय छात्र को बचाने के मौके से भाग खड़े हुए। रिंकू शोर मचाता रहा है। शोरशराबे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गये। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक छात्र डूब चुका था। हालांकि लोगों ने छात्र को पानी से बाहर निकाला और आनन-फानन में नगर के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां पर छात्र की हालत गम्भीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत की खबर परिजनों को दी तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते शव लेने के लिए जिला अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

किसानों की न्यायोचित मांगों का सहानुभूति पूर्वक निस्तारण किया जाये: आयुक्त

मुरादाबाद। आयुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री अनिल राज कुमार ने आज कमिश्नरी सभागार में भारतीय किसान यूनियन मुरादाबाद के स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा मा. मुख्यमंत्री जी उ.प्र. को सम्बोधित ज्ञापन के क्रम में किसानों की विभिन्न समस्याओं के निसतारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं किसानों के प्रतिनिधियों के मध्य आयोजित बैठक में कहा कि किसानों की सभी न्यायोचित मांगों का व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाकर गंभीरता पूर्वक निसतारण किया जायेगा और जिन मांगो का निस्तारण शासन स्तर से होना है उनके संबंध में ष्षासन स्तर से संबंधित विभागों द्वारा समन्वय एवं सामन्जस्य स्थापित कर उनके निस्तारण का भी प्रयास किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने मुरादाबाद के संभागीय खाद्य नियन्त्रक, उप निदेषक मण्डी परिषद, मुख्य अभियन्ता विद्युत, उप गन्ना आयुक्त तथा मुख्य अभियन्ता सिंचाई को निर्देशित किया कि उनके विभागों से संबंधित एवं लम्बित किसानों की विभिन्न समस्याओं का सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए यथा शीघ्र निस्तारण कर दिया जाये। आयुक्त ने कहा कि गन्ना एक्ट के अनुसार गन्ना मूल्य का भुगतान बिलम्व से होने पर उस पर नियमानुसार ब्याजदर का करना अनिवार्य है, जिसके लिये षासन स्तर पर गठित समिति से पत्राचार पर अनुरोध किया जायेगा ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने गन्ना मूल्य भुगतान में डिफाल्टर दीवान सुगर मिल सहित अगवानपुर एवं वीनस सुगर मिलों के प्रबन्धकों द्वारा गन्ना किसानों को बकाया गन्ना मूल्य भुगतान

प्राथमिकता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित कराने के उप गन्ना आयुक्त को निर्देष देते हुए ऐसा नहीं होने पर गन्ना एक्ट अनुसार 15 प्रतिशत ब्याज समेत भुगतान कराये जाने की व्यवस्था सुनिष्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने वर्तमान खरीफ सीजन के लिये खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर दिया है परनतु इन फसलों की खरीद के लिए सरकारी क्रय केन्द्र स्थापित नहीं किये गये है, जिसके फलस्वरुप मक्का को किसान मात्र 1100 रुपये प्रति कुन्तल की दर से बेचने को मजबूर है जबकि केन्द्र सरकार द्वारा मक्का का एमएसपी 1700 रुपये प्रति कुन्तल घोषित किया गया है, जिस पर कमिश्नर ने संभागीय खाद्य नियन्त्रक एवं उप निदेशक मण्डी परिषद को शासन से समन्वय कर यथोचित कार्यवाही के निर्देश दिये। किसान प्रतिनिधियों द्वारा मांग की गयी कि गन्ना एक्ट के अनुसार गन्ना मूल्य भुगतान गन्ना आपूर्ति के 14 दिन के भीतर होना चाहिए तथा ऐसा नहीं होने पर 15 प्रतिशत ब्याज समेत भुगतान कराया जाना चाहिये, जिस पर कमिश्नर ने उप गन्ना आयुक्त को डिफाल्टर चीनी मिलों द्वारा गन्ना एक्ट के प्राविधान का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। किसान पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अभियन्ता विद्युत के समक्ष केवल डिफाल्टरों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिये जाने तथा विद्युत बिल जमा न होने पर विद्युत कनेक्षन काटकर अवर अभियन्ताओं द्वारा एफआईआर दर्ज कराये जाने की शिकायत की, जिस पर कमिष्नर ने किसानों की मांग पर एफआईआर दर्ज कराने से पहले एक माह का रजिस्टर्ड नोटिस किसानों को दिये जाने के मुख्य अभियन्ता विद्युत को निर्देष दिये गये।

भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि डा. स्वामीनाथन की रिपोर्ट के अनुसार सी.-2 फार्मूले के अनुसार वर्तमान खरीफ सीजन एवं आगामी रबी सीजन सहित गन्ने का भाव भी सी.-2 फार्मूले के आधार पर तय किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण घरेलू एवं सिंचाई हेतु नलकूप के बिलों में भारी बढोत्तरी की गयी है। इसकी बढोत्तरी कम की जाये साथ ही कृषि कार्य में लगे किसानों के ट्रैक्टरों को कामर्षियल श्रेणी में न रखा जाये। उन्होंने कहा कि 1994 बैंक रेगूलेशन एक्ट के अनुसार किसानों को फसल ऋण एवं अन्य सभी प्रकार के ऋणों पर चक्रवृद्धि ब्याज वसूलना गैर कानूनी है बावजूद इसके बैंक किसानों से लगातार चक्रवृद्धि ब्याज वसूल रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 145 के प्राविधान में आरबीआई द्वारा संग्रहित ऋण सूचना को सूचना पट पर प्रकट करना प्रतिबन्धित है। बैंको को उपलब्धता सहित अपने ग्राहकों की सूचना को विभागीय गोपनीयता से संबंधित बने सभी कानूनों का पालन करने के साथ-साथ बैंक अपने डिफाल्टरों के नाम सार्वजनिक करने का कोई दिशा निर्देश प्रतिपत्र जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राय: यह देखने में आता है कि बैंको व तहसीलों में डिफाल्टरों के नाम सार्वजनिक किये जाते हैं। इस अवसर पर अपर आयुक्त एसबी तिवारी, उपगन्ना आयुक्त राजेश मिश्र, आरएफसी, उप निदेशक मण्डी परिषद कैलाश भार्गव, मुख्य अभियन्ता विद्युत, रजिस्ट्रार भूमि अधिग्रहण नीतिवान निगम, अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई एके शर्मा सहित अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन चौ. हरपाल सिंह, दीपक शर्मा, चौ. महक सिंह, चौ. वीरेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह, तेजपाल सिंह सहित भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सार संक्षिप्त

ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग स्टैंण्ड बनाने की मांग

कोटद्वार। भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई अब ई-रिक्शा चालकों के साथ खड़ी हो गई है। ई-रिक्शा चालकों ने ऑटो चालकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। सोमवार को भाजपा की नगर इकाई ने ई-रिक्शा चालकों के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन सौंप ई-रिक्शा के लिए अलग स्टैंड बनाने की मांग की।

ई-रिक्शा चालकों के समर्थन में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से रोजगार एवं पर्यावरण को देखते हुए ई-रिक्शा चलवाए गए थे। इसके लिए बेरोजगारों को जिला सहकारी बैंक सहित अन्य बैंकों से लोन भी दिया गया था, लेकिन अब ऑटो चालक ई-रिक्शा चालकों को सड़क पर चलने से रोक रहे हैं। ई-रिक्शा नहीं चलने से कई चालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है व उनका बैंक का लोन जमा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने देवी रोड में ई-रिक्शा के लिए स्टैंड बनवाने की मांग की। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील गोयल, धर्मवीर गुसाईं, पंकज भाटिया, मोहन आदि मौजूद रहे।

चिकित्सा व शिक्षा के लिए, 3 लाख के चेक दिये

कोटद्वार। हंस कल्चरल सेंटर की ओर से सोमवार को चिकित्सा व शिक्षा के लिए जरूरतमंदों को तीन लाख की धनराशि के सहायता राशि के चेक प्रदान किए गये। सेंटर के प्रांतीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्रांतीय प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट व भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व जम्मू-कश्मीर के सहप्रभारी विपिन कैंथोला ने सहायता राशि के चेक दिये। संस्था के प्रांतीय प्रभारी ने कहा कि माता मंगला जी व भोले जी महाराज और महाप्रबंधक श्वेता रावत पूरी निष्ठा के साथ जनसेवा में जुटे हुए हैं। कहा कि उनका एकमात्र सपना उत्तराखंड को खुशहाल व समृद्ध बनाना है। इस मौके पर कोटद्वार कार्यालय के प्रबंधक दिनेश रावत, परनीत कौर, धीरेंद्र राणा, जितेंद्र चौहान, रवींद्र रावत इत्यादि उपस्थित थे।

दूरदर्शन की टीम खंगाल रही कण्वाश्रम का इतिहास

कोटद्वार। दूरदर्शन की टीम इन दिनों ऐतिहासिक कण्वाश्रम का इतिहास खंगालने में जुटी हुई है। दूरदर्शन की ओर से महर्षि कण्व की तपस्थली व देश के नामदेवा चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली पर एक वृत्तचित्र बनाया जा रहा है। इसके लिए जानकारों से कण्वाश्रम के इतिहास की जानकारी ली जा रही है। कण्वाश्रम पहुंची दूरदर्शन की टीम ने दूरदर्शन के कार्यक्रम अधिकारी अरुण राजगुरु के दिशा-निर्देशन में कण्वाश्रम व सतीमठ में कई दृश्यों को फिल्माया। साथ ही, साहित्यकार योगेश पांथरी, डॉ. दिवाकर बेबनी, चक्रधर शर्मा, डॉ. एनके ढौंढियाल, मयंक प्रकाश कोठारी से कण्वाश्रम के अतीत व वर्तमान से जुड़ी जानकारियां एकत्र कीं। मयंक प्रकाश कोठारी ने टीम को बताया कि वर्ष 1990 में सात से 12 जनवरी तक केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से कण्वाश्रम में अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन व संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि देवी प्रसाद कोठारी व प्रकाश चंद्र कोठारी के प्रयासों से इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया, जिसमें पूरे भारतवर्ष से आये एक हजार से अधिक बुद्धिजीवियों ने शिरकत की।

गोखले मार्ग व नेशनल हाईवे 'नो वेंडर जोन' घोषित

कोटद्वार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन की ओर से गोखले मार्ग व नेशनल हाईवे को 'नो वेंडर जोन' घोषित किया गया है। इसके लिए नगर निगम, पुलिस, परिवहन विभाग व राजस्व विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यदि कोई भी व्यापारी या फड़ रेहड़ी वाला अतिक्रमण करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसील परिसर में हुई बैठक में एसडीएम कमलेश मेहता ने कहा कि शहर में अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। सड़कों के किनारे लगने वाले फड़ व रेहड़ियों के कारण आम जनता का सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है।

तमंचे व कारतूस के साथ, कार चालक आया हाथ

जसपुर। पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक कार चालक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। विवरण के अनुसार पुलिस, ठाकुरद्वारा चुंगी पर शाम के समय वाहन चैकिंग कर रही थी कि तभी ठाकुरद्वारा की ओर से कार संख्या डीएल 8 सीबी 0934 आई, जिसकों पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो कार चालक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने कुछ दूरी पर जाकर कार को पकड़ लिया। तालाशी लेने पर कार में सवार युवक के पास से 315 वोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम नाजिम पुत्र नासिर हुसैन निवासी खेड़ा लक्ष्मीपुर जसपुर बताया। पुलिस ने कार्यवाही कर कार सीज कर युवक को जेल भेज दिया है।

कांग्रेसियों ने जिला पूर्ति अधिकारी का पुतला फूंक प्रदर्शन किया

सहारनपुर। गैस एजेंसियों पर कैश एण्ड कैरी लागू न होने से गुस्साये कांग्रेसियों ने आज जिला महामंत्री संजय वालिया के नेतृत्व में चिलकाना रोड स्थित वीर अब्दुल हमीद चैक पर जिला पूर्ति विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर धरना दिया। आक्रोशित कांग्रेसियों ने लोगों को जनजागरण अभियान के तहत जागरूक करने का बीड़ा उठाया और डीएसओ का पुतला फूंक प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री संजय वालिया ने कहा कि कई बार डीएसओ कार्यालय में जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन दिये जाने के बावजूद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। श्री वालिया ने बताया कि कैश एण्ड कैरी योजना को आज तक किसी भी गैस एजेंसी द्वारा लागू क्यों नहीं किया जा रहा है, जिस कारण उपभोक्ताओं का शोषण चरम सीमा पर हो रहा है। श्री वालिया ने बताया कि योजना के तहत यदि उपभोक्ता गोदाम से रिफील लेता है तो उसको 19 रूपये की छूट मिलनी चाहिए यदि होम डिलीवरी होती है तो पर्ची पर अंकित मूल्य देय होना चाहिए।

2019 में बहन जी को प्रधानमंत्री बनाना ही हमारा लक्ष्य- कुशवाहा

सहारनपुर। बसपा की जिला स्तरीय भाईचारा समीक्षा बैठक का आयोजन स्थानीय अम्बाला रोड स्थित एक बैंकटहॉल में किया गया। भाईचारा समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष आर.एस.कुशवाहा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बसपा 2007 का इतिहास दोहराने जा रही है।

उन्होने सुश्री मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाना ही हमारा लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर ने संविधान के तहत सभी को भाईचारे के तहत आरक्षण देने का कार्य किया। सर्वसमाज के लोगों को बराबर का सम्मान देने का काम किया।

श्री कुशवाहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने अपनी सरकार में दबे,कुचले लोगों को नौकरियों में अन्य पदों पर आसीन करके दिखा दिया कि वह जो कहती हैं, करती भी हैं। वरिष्ठ बसपा नेता हाजी फजलू रहमान ने कहा कि सर्वसमाज के लोग मिलजुल कर 2019 के चुनाव में बहन जी के हाथों को मजबूत करके देश का प्रभावी प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करें। चौ.महीपाल सिंह माजरा ने कहा कि बहुजन समाज से अपील की कि वह बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि बहन सुश्री मायावती ने अपनी सरकार के दौरान गुर्जर समाज के लोगों को चार-चार मंत्री बनाने का काम किया जिसकों गुर्जर समाज कभी नहीं भूलेगा।

गुरू पूर्णिमा पर गुरू की आरती उतारी

सहारनपुर। पंत विहार सरस्वती सत्संग भवन के प्रांगण में चल रहे गुरू पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम का आज तीसरे दिन गुरू देव जी की आरती के साथ सभा का शुभारंभ किया गया। देवी जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि गुरूकृपा का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति के जीवन में दुःख आये ही ना। कृपा का अर्थ यह है कि कभी यदि दुःख आये तो वो कैसे दूर हो जाये कि हमें पता ही ना चले। उन्होंने कहा कि मनुष्य का कर्म करना आवश्यक है बिना कर्म के तो ईश्वर भी फल नहीं देते। सरल भाषा में उन्होंने वर्णमाला का उदाहरण देते हुए कहा कि व्यंजनों में क और ख सर्वप्रथम आते हैं। इसका मतलब है कि कर्म को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। आज कार्यक्रम में राजीव कालिया, संजीव जसूजा, सुधीर मिगलानी, मोनू मल्होत्रा, संजय कालडा, प्रमोद ठकराल, अंकित मक्कड, गोल्डी मक्कड, वासू छाबड़ा, रितेश, मधुर गांधी, मानस कपूर, सौरव मदान, रमन छाबड़ा, मानस सेतिया, सोनू नागपाल आदि का विशेष योगदान रहा।

सपा महिला सभा की जिला कार्यकारिणी का गठन

सहारनपुर। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान ने जिला कार्यकारिणी का गठन कर कीर्ति व सायदा को जिला सचिव व शबाना को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाने की घोषणा की है। अम्बाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान, पूर्व राज्यमंत्री सरफराज खान ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त जिला सचिव कीर्ति व सायदा जिला कार्यकारिणी सदस्य शबाना, बेहट विस अध्यक्ष बबीता, नकुड विस अध्यक्ष मुसयदा को मनोनयन पत्र सौंपकर पार्टी को मजबूत बनाने के निर्देश दिये।

वाहन से टकराकर महिला की दर्दनाक मौत

सहारनपुर। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। परिजनों ने आनन-फानन में महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बीस साल पहले जिस महिला को उसके पति ने ठुकराया आज वह अपने पेट की खातिर रोजगार की तलाश में बिहारीगढ़ से भगवानपुर जाते हुए छुटमलपुर स्थित घास मंडी तिराहे पर अज्ञात बाइक की टक्कर लगने से अकाल मौत का शिकार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार' बिहारीगढ़ निवासी साधुराम की बेटी बबली देवी (उम्र 40वर्ष) अपना और अपने बेटे का पेट पालने के लिए भगवानपुर स्थित किसी फैक्ट्री में काम किया करती थी, मंगलवार (आज) सुबह बिहारीगढ़ से छुटमलपुर पहुंची और घास मण्डी तिराहे पर घ् भगवानपुर पहुंचने के लिए किसी वाहन की तलाश में खडी हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान कोई अज्ञात बाइक सवार बबली को टक्कर मारकर फरार हो गया आस-पास के लोगों ने पुलिस की मदद से तुरंत सीएचसी फतेहपुर भिजवाया लेकिन उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही मृतक का पुत्र सीएचसी पहुंचा, 'इस दौरान वहां मौजूद फतेहपुर थाना पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल सहारनपुर भिजवाने की तैयारी कर ली। बताया जा रहा है कि बबली को बीस साल पहले उसके पति ने ठुकरा दिया था उसके बाद वह अपने एक बेटे के साथ बिहारीगढ़ आकर रहने लगी थी और आज सड़क दुर्घटना का शिकार होकर इस दुनिया से ही चल बसी।

पुलिस अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों की कुशल-क्षेम जानी

कोटद्वार। जनपद पौड़ी के एसएसपी जेआर जोशी के निर्देश पर कोटद्वार, दुगड्डा और कलालघाटी पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों से भेंटकर उनका हाल जाना।

कोतवाल उत्तम सिंह जिमिवाल के नेतृत्व में कलालघाटी चौकी इंचार्ज विवेक राठी, एसआई रविन्द्र नेगी ने क्षेत्र के बुजुर्गों से मुलाकात कर उनसे कुशल क्षेम पूछी। बुजुर्गों ने कोटद्वार में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस को इन पर अंकुश लगाना चाहिए। इस पर पुलिस ने बुजुर्गों को फल वितरित करते हुए उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बुजुर्गों ने पुलिस से कहा कि युवाओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए पुलिस को मादक वस्तुओं की बिक्री पर अंकुश लगाना चाहिए। जिस पर एसआई राठी ने बुजुर्गों को उनकी मांग पर समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

चैम्पियन समर्थन मयंक चौधरी बने सहकारी समिति के सभापति

हरिद्वार। लंढौरा किसान सेवा सहकारी समिति के सभापति के चुनाव में भी कुवंर प्रणव सिंह चेम्पियन का जलवा कायम रहा। यही वजह रही कि चेम्पियन सर्मथक चौधरी मयंक को निर्वाचित डायरेक्टरों द्वारा निर्विरोध सभापति चुने जाने पर विरोधियों को हार का मुंह देखना पड़ा। सोमवार को लंढौरा ईंट भट्ठा स्कूल में किसान सेवा सहकारी समिति के सभापति के चयन के लिए नवनिर्वाचित डायरेक्टरों की बैठक हुई। सभापति चयन के लिए 13 डायरेक्टरों में से 7 ही सदस्यों ने शिरकत की। इस दौरान चैम्पियन समर्थक चौधरी मयंक को निर्विरोध सभापति चुन लिया गया। जबकि छह विरोधी सदस्यों की हिम्मत पोलिंग बूथ तक आने की भी नहीं हुई। सभापति चुने जाने के बाद लोगों ने सभापति और बोर्ड सदस्यों को फूल माला पहनाकर कस्बे में विजय जुलूस निकाल कर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधान शिव कुमार, चौधरी रजनीश कुमार, चौधरी कुलदीप, इरफान, शमशाद, शान इलाही,असगर अली, अशोक जताना आदि मौजूद रहें। सरकार की ओर से लंढौरा किसान सेवा सहकारी समिति सदस्यों में चौधरी मयंक और कुलदीप सिंह को नामित सदस्य मनोनीत करने के एक दिन बाद ही सभापति बनने से क्षेत्र व निर्वाचित लोग दिन भर गुणा भाग में लगे रहे हालांकि निर्वाचित डायरेक्टर इसे सरकार व जनप्रतिनिधियों की साठ गांठ के चलतें जनता के हकों पर डांका डालने की बात कह रहे हैं।

व्यास पूजा एक परम्परा- स्वामी ज्ञानानन्द

सहारनपुर। श्रीकृष्ण कृपा परिवार एवं जीयो गीता परिवार के तत्वावधान में पावन व्यास पूजा (गुरूपूजा) कार्यक्रम का आयोजन मल्हीपुर रोड एक सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता मनीषी पूज्य महाराज स्वामी ज्ञानानंद महाराज, मेयर संजीव वालिया, नगर आयुक्त ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गुरू पूजा का व्यास पूजा का अपने पान संदेश में गुरू तत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम जिस तीर्थ में जाते हैं, उस तीर्थ का तत्व रहस्य समझ लेंगे तो उसमें आपकी आस्था बढ़ जायेगी।

पूज्य श्री ने कहा कि हमारी आस्था के अनुसार ही हमें उसका फल मिलेगा, कुछ पाना है कुछ लेना है तो उसके रहस्य को जरूर जाने। व्यास पूजा एक परम्परा है, हमारे सब ऋषियों के सिरमौर हैं व्यास जी। गुरू श्री ने कहा कि जीव का उद्धार होगा तो केवल परमात्मा से जुड़कर ही होगा। संसार में उलझ तो सब जाते हैं, जो कोई भी बात करेगा संसार की बात करेगा। गुरू एक तत्व है, जहां से भगवान के पास जाने के लिए आपको प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में रतन, पवन द्वारा भजन, लहरियों से सबका मनमोह लिया। आये हुए कृष्ण भक्तों द्वारा पंक्तिबद्ध तरीके से गुरू पूजा की और गुरू महिमा का गुणगान किया।

आगामी 9 अगस्त को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय व्यापारी दिवस में व्यापारियों से भाग लेने का आव्हान

सहारनपुर। उ.प्र.उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों की स्थानीय रेलवे रोड पर सम्पन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने बताया कि उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम बिहारी मिश्रा, प्रांतीय महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता व दिलीप सेठ द्वारा संगठन को और गतिशील व मजबूत बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2018-21 के सत्र के लिए जनपद सहारनपुर के सात वरिष्ठ व्यापारी प्रतिनिधियों को प्रांतीय पदाधिकारियों का दायित्व सौंपते हुए उनके मनोनयन पत्र जारी किये गये। इसके अंतर्गत यशपाल मैनी प्रांतीय उपाध्यक्ष, दीपक राज सिंघल (देवबंद) प्रांतीय संयुक्त महामंत्री, कृष्ण लाल ठक्कर मण्डल अध्यक्ष, महेश नारंग व रमेश अरोड़ा प्रांतीय मंत्री तथा रमेश डाबर व आर.के.मल्होत्रा को प्रांतीय संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। श्री टण्डन ने इन नियुक्तियों पर हर्ष प्रकट करते हुए प्रदेश व्यापार मण्डल का आभार प्रकट किया है और आशा व्यक्त की है कि प्रांतीय पदाधिकारी व्यापार मण्डल से वर्षों से जुड़े हैं और उनकी योग्यताओं का लाभ व्यापारी एकता व व्यापारी हितों की रक्षा के लिए संगठन को व्यापाक रूप से मिलेगा। श्री टण्डन ने जनपद के व्यापारियों को आगामी 9 अगस्त को नई दिल्ली के कॉस्टिट्यून क्लब में आयोजित होने वाले 37वें राष्ट्रीय व्यापारी दिवस में बड़ी संख्या में भाग लेने का आव्हान किया है जिसमें जीएसटी में आर रही कठिनाईयों के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, खुदरा व्यापार में प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश, वायदा व्यापार, दिल्ली व अन्यत्र राज्यों में सीलिंग की समस्या, व्यापार सुरक्षा व अन्य मुद्दों पर विचार होगा। इसमें देश के सभी राज्यों से बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधि भाग लेंगे। श्री टण्डन ने जीएसटी काउन्सिल द्वारा हाल ही में टैक्स की दरों में छूट व रिटर्न फाइल में दी गयी। सुविधा व अन्य घोषणाओं का व्यापक स्वागत करते हुए कहा कि व्यापार मण्डल के प्रयासों से यह संभव हो सका है और इसके पश्चात ई-वे बिल 50 हजार के स्थान पर 2 लाख रूपये पर लागू करना तथा मोटर व आटोमोबाइल पार्ट व कृषि यंत्रों में

बास्केटबाल प्रतियोगिता में सोफिया गर्ल्स अव्वल

सहारनपुर। डी लीग इंटर स्कूल बास्केट बाल प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्कूलों में जिला बास्केटबाल एसोसिएशन द्वारा बास्केटबाल को प्रोत्साहन देने के लिए किया जा रहा है जिसमें पुरूष वर्ग के 9 स्कूल व लडकियों के वर्ग के 4 स्कूल इस प्रतियोगिता मे भाग ले रहे हैं, इसी कड़ी में 23 जुलाई को शुरू हुए मैच में सेंटमैरी एकेडमी ने डीपीएस पब्लिक स्कूल को 16-13 अंकों से पराजित कर फाइनल में जगह बनायी दूसरा मैच सोफिया इंग्लिश मडियम स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित जिसमें सोफिया स्कूल ने सोफिया हिन्दी मीडियम को 51-02 अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। आज फाइनल मैच में सोफिया इंग्लिश मीडियम के खेल मैदान पर सम्पन्न हुआ जिसको सोफिया इंग्लिश मीडिया की प्रिंसीपल सिस्टर एल.सी. ने मैच का शुभारंभ कराया। एसो. के अध्यक्ष सुशील जोशी, सचिव रामकुमार सिंह व सहसचिव संदीप गुप्ता ने बताया कि पुरूष वर्ग के सभी मैच जेवी जैन डिग्री कालेज व सहारनपुर पब्लिक स्कूल में आज शुरू होंगे। इस अवसर पर कनिष्क जोशी, दिनेश अरोडा, आकांक्षा लांबा द्वारा खिलाया गया। इस अवसर पर दिनेश अरोडा, आकांक्षा लाम्बा, तनू कटारिया, यश गुप्ता, सोफिया स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर एल.सी., उप प्रधानाचार्या सिस्टर व अध्यापिका रूपिका सैनी, नीतू सैनी, प्रज्ञा मित्तल आदि मौजूद रहे।

कुलदीप पर चर्चा के बीच खुद को साबित करने उतरेंगे अश्विन-जडेजा

चेम्सफोर्ड। भारतीय क्रिकेट में एक वक्त था जब ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बिना किसी भारतीय टीम की कल्पना नहीं की जाती थी लेकिन पिछले कुछ समय में युवा चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव अचानक ही चर्चा का सबसे बड़ा केंद्र बन गये हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एक अगस्त से होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से पहले भारत के दो अनुभवी स्पिनरों अश्विन और लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा पर कोई चर्चा नहीं है और भारतीय खेमे से लेकर इंग्लिश खेमे तक इसी बात पर ध्यान केंद्रित है कि कुलदीप कितने मारक साबित होंगे। कुलदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ एक ट्वंटी 20 मुकाबले में पांच विकेट और पहले वनडे में छह विकेट लेकर इंग्लिश बल्लेबाजों को दहशत में डाल दिया है। भारतीय कप्तान विराट कोहली से लेकर क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर तक सभी कुलदीप की गेंदबाजी से इतने अभिभूत हैं कि उन्हें टेस्ट एकादश में उतारने की जोरदार वकालत हो रही है। इन परिस्थितियों में अश्विन और जडेजा के लिये खुद को साबित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

एशियन खेलों से पूर्व फिटनेस पर ध्यान- रूपिंदर पाल सिंह

नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज़ में चार गोल लगा चुके ड्रैग फिल्कर रूपिंदर पाल सिंह ने 18वें एशियाई खेलों में भी इसी लय को कायम रखने का भरोसा जताते हुये कहा है कि उनकी टीम इस बार स्वर्ण कब्जाने के इरादे से उतरेगी। बेंगलुरू में भारत ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की अभ्यास सीरीज़ में 3-0 से जीत दर्ज की थी, जहां रूपिंदर ने सर्वाधिक चार गोल दागे थे। भारतीय पुरूष टीम अगस्त में जकार्ता और पालेमबांग में हुये 18वें एशियाई खेलों में गत चैंपियन की हैसियत से उतरेगी जहां उसकी कोशिश एक बार फिर पिछली सफलता को दोहराने की है। रूपिंदर ने अपनी वापसी को लेकर कहा निजी तौर पर मेरे लिये राष्ट्रमंडल खेलों की रजत विजेता टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना बहुत अहम रहा है। मैं एफआईएच चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नहीं खेल पाया लेकिन एशिय न खेलों में मुझे अपनी लय कायम रखनी होगी। अप्रैल में हुये गोल्ड कोस्ट खेलों के बाद से रूपिंदर भारत के लिये अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। वह हैमस्ट्रिंग चोट के कारण ब्रेदा में चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल सके थे।

आईपीएल में संदिग्ध गतिविधियों की दी थी रिपोर्ट- मैक्सवेल

मेलबोर्न। स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी के लिये बदनाम हो चुके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का लंबे अर्से से हिस्सा रहे आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ ग्लेन मैक्सवल ने दावा किया है कि उन्होंने ट्वंटी-20 लीग के दौरान कई संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी भ्रष्टाचार रोधी अधिकारियों के साथ साझा की थी।

समाचार चैनल अल जजीरा की डाक्यूमेंट्री में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में भ्रष्टाचार को लेकर आयी रिपोर्ट में मैक्सवेल का नाम भी कथित रूप से स्पॉट फिक्सिंग में सामने आया था। मैक्सवेल ने इन आरोपों से पूरी तरह इंकार किया है और कहा कि वह इससे बहुत ही आहत हैं।

विवाद के बाद दलीप ट्रॉफी में अभिषेक बाहर, अक्षय को जगह

नयी दिल्ली। डोपिंग के लिए प्रतिबंध झेल रहे पंजाब के विकेटकीपर अभिषेक गुप्ता को दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया रेड टीम में शामिल किये जाने के बाद उठे विवाद के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी गलती को तुरंत ही सुधारते हुये उनकी जगह अक्षय वाडकर को टीम में शामिल कर लिया है। बीसीसीआई ने सोमवार को दलीप ट्रॉफी के लिये टीमों की घोषणा की थी जिसमें इंडिया रेड टीम में अभिषेक को शामिल किया गया था। बीसीसीआई ने अभिषेक को जनवरी में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के लिए दोषी पाए जाने के बाद जून में प्रतिबंधित कर दिया था और उनका जनवरी से लगाया गया आठ महीने का प्रतिबन्ध 14 सितम्बर को समाप्त होना है।

वाडा रिपोर्ट : यूसुफ पठान को छोड़कर डोपमुक्त साल रहा बीसीसीआई के लिये

नयी दिल्ली। यूसुफ पठान की 'अनजाने' में की गयी गलती पिछले साल भारतीय क्रिकेट डोपिंग रिकार्ड में एकमात्र धब्बा रहा। वाडा रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है जो बीसीसीआई की 275 नमूनों की जांच के बाद तैयार की गयी। वाडा रिपोर्ट में किसी खिलाड़ी का नाम नहीं दिया गया है लेकिन जिस क्रिकेटर का जिक्र किया गया है वह पूर्व भारतीय खिलाड़ी यूसुफ पठान हैं जिन पर बीसीसीआई ने पांच महीने का पूर्वप्रभावी प्रतिबंध लगाया था और जो इस साल आईपीएल से पहले समाप्त हो गया था। बीसीसीआई ने तब जो बयान जारी किया था उसके

अनुसार सीनियर पठान ने 'खांसी की दवा में पाये जाने वाला प्रतिबंधित पदार्थ अनजाने में ले लिया था।' पठान को इस वजह से 15 अगस्त 2017 से 14 जनवरी 2018 तक पूर्व तिथियों में निलंबित किया गया था। प्रतिकूल विश्लेषणात्मक जांच (एएएफ) में पठान अकेला मामला था लेकिन अनियमित जांच (एटीएफ) में कहा गया है कि दो खिलाड़ियों के मूत्र के नमूने संदेहास्पद थे। हालांकि यह निर्धारित नहीं हो पाया कि इन दो खिलाड़ियों में कोई विदेशी खिलाड़ी शामिल था या नहीं। वाडा रिपोर्ट के अनुसार 2017 में जो 275 नमूनों की जांच की गयी जिसमें 233 प्रतियोगिता के दौरान और 42 प्रतियोगिता से इतर किये गये।

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम को 2016 आईपीएल के दौरान डोपिंग में पाजीटिव पाया गया था लेकिन तब बीसीसीआई ने खिलाड़ी के लिये पूर्व तिथि का उपचारात्मक उपयोग छूट प्रमाणपत्र ले लिया था और यह मामला वहीं पर समाप्त हो गया था। वर्ष 2018 में एक खिलाड़ी का डोप परीक्षण पाजीटिव पाया गया। यह खिलाड़ी पंजाब का प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभिषेक गुप्ता है जो अभी निलंबित है। विश्व क्रिकेट भी इस साल लगभग डोप मुक्त रहा।

बैठक में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने की नौ जिलों की समीक्षा

बिजनौर। आम आदमी पार्टी, रूहेलखण्ड प्रान्त के समस्त नौ जिलों के पदाधिकारियों की एक बैठक मंगलवार को शहनाई बैंकट हॉल में प्रान्तीय संगठन सचिव राजीव सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी शकील मलिक, सीलमपुर दिल्ली से विधायक हाजी इशराक, रूहेलखण्ड प्रान्त सचिव नरेश गुप्ता, प्रान्तीय उपाध्यक्ष चौधरी जबर सिंह व पश्चिम प्रान्त की प्रभारी डा. छवि यादव, रूहेलखण्ड प्रान्त की युवा इकाई के प्रभारी मौ. हैदर, प्रान्तीय अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ रीता बिल्हटिया के साथ प्रान्त के समस्त नौ जिलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।,

बैठक में प्रान्तीय संगठन की समीक्षा करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष निर्मल मिश्रा ने एक-एक कर समस्त नौ जिलों के समस्त प्रकोष्ठों के संगठन की समीक्षा करते हुए 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए सम्पूर्ण रूहेलखण्ड प्रान्त में संगठन को बूथ स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया तथा इसी क्रम में 19 सितम्बर से बरेली से अमरोहा तक राष्ट्रीय प्रवक्ता, उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह द्वारा की जाने वाली पदयात्रा में प्रत्येक जिले की समस्त विधानसभाओं, नगरों, तहसीलों, ब्लाक एवं गांव-गांव तक लोगों को जन अधिकारों एवं जन सरोकार के कार्यों को पूरा करने हेतु ध्यानाकर्षण करने वाली पदयात्रा में भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सह प्रभारी श्री मलिक ने विगत चार माह में संगठन को अपने अथक प्रयासों से सम्पूर्ण प्रान्त में मजबूती के साथ खड़े करने के लिए समस्त कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं से पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पार्टी में शामिल होने वाले नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की टोपी व माला पहनाकर संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक की समाप्ति के उपरान्त प्रान्तीय अध्यक्ष निर्मल मिश्रा द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज अफजलगढ़ में प्रभारी प्रधानाचार्य संतोष सिंह की शिकायत करने पर इनसे क्षुब्ध होकर की गई झूठी एफआईआर निरस्त करने, प्रधानाचार्या पर न्यायपालिका को झूठी रिपोर्ट देकर गुमराह करने के लिए कानूनी कार्यवाही किये जाने, प्रधानाचार्या को पदमुक्त किये जाने व भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच किये जाने हेतु राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उत्तर प्रदेश सह प्रभारी शकील मलिक एवं सीलमपुर से विधायक हाजी इशराक ने कहा कि यदि उक्त ज्ञापन पर जल्द कार्यवाही न की गई तो पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगी। सम्पूर्ण कार्यक्रम में बिजनौर जिलाध्यक्ष महेश चौधरी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरदार ख्वाजा, जिला महिला प्रकोष्ठ रीता सिंह एड., मुरादाबाद महानगर सचिव रविन्द्र नाथ भाटिया, जिला सचिव मो. जाबिर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मीना भारद्वाज, जिलाध्यक्ष अंसार अहमद, बदायूं जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह, अमरोहा जिलाध्यक्ष मौ. आमिर, बरेली जिलाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, बरेली महानगर अध्यक्ष मुजम्मिल, पीलीभीत जिलाध्यक्ष एमए जिलानी, शाहजहांपुर जिलाध्यक्ष राजीव यादव सहित लगभग पांच सौ से अधिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में गुरू वंदन कार्यक्रम 27 जुलाई को

बिजनौर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में महासंघ की सदस्यता बढ़ाये जाने पर जोर दिया गया। बैठक में महासंघ के 27 जुलाई को होने वाले मुख्य कार्यक्रम गुरू वंदन कार्यक्रम की कार्य योजना तैयार की गयी।

डीएवी इंटर कालेज बिजनौर में आयोजित बैठक में बेसिक एवं माध्यमिक संवर्ग के विद्यालयों एवं शिक्षकों की समस्याओं के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया तथा समस्याओं के समाधान के लिए संगठन के प्रतिनिधि मण्डल को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन करते हुए महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेन्द्र प्रकाश भटनागर ने बताया कि महासंघ द्वारा वर्ष भर में चार मुख्य कार्यक्रम मनाये जाते हैं, जिनमें से एक मुख्य कार्यक्रम गुरू वंदन कार्यक्रम 27 जुलाई को डीएवी इंटर कालेज में आयोजित किया जायेगा। बैठक में जिला परिषदीय विद्यालयों से यूनिफार्म के नाम पर 10 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए रोष व्यक्त किया गया। जितेन्द्र मारवाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अशोक कुमार, बेसिक संवर्ग के अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह मण्डल अध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री रामस्वरूप, प्रीतम सिंह, पंकज विश्नोई, जिला महामंत्री रितेष भटनागर तथा ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

शिया समाज अपने रहबरे-आजम का अपमान सहन नहीं कर सकता : जैदी

बिजनौर। मिशन-ए-हुसैन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अफजाल अब्बास जैदी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अमेरिका के राष्ट्रपति व विदेश मंत्री द्वारा जारी किये बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा किया गया, टवीट पूर्ण रूप से आतंकवाद का उदाहरण है कि आप अपनी महत्वकांक्षा के लिए किस हद तक जा सकते हैं 'और आप बिना किसी न्याय संगत जांच के किसी लोकतांत्रिक राष्ट्र को ऐसा हस्र करने की धमकी दे सकते हैं कि जिसका उदाहरण इतिहास में किसी देश के साथ नहीं हुआ होगा।' श्री जैदी ने कड़े शब्दों में कहा कि हम शिया किसी भी तरह से कमजोर नहीं हैं, हम उस इतिहास से सम्बंधित है, जिन्होंने यजीद को करबला में हराया था, जो अहिंसा का विश्व में आज भी सबसे बड़ा उदाहरण हैं, लेकिन अगर हम लोग हक की आवाज उठाने पर आमादा हो जायें तो हमें मुख्तार बनने से कोई नहीं रोक सकता।

श्री अफजाल जैदी ने अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिया को मर्यादा में रहने को कहा और सलाह दी कि बयान देने से पूर्व विचार किया करें क्योंकि ईरान के धर्म गुरू न केवल ईरान के संचालक हैं बल्कि पूर्ण शिया समाज के धर्म गुरू (रहबर) हैं। उनके खिलाफ किये गये विषवमन को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। पूर्ण विश्व शिया समाज अमेरिका द्वारा की जाने वाली किसी भी अमानवीय कार्यवाही पर रहबरे आजम के समक्ष खड़ा होगा एवं अमेरिका को मुंह तोड़ जवाब देगा।

पल्स पोलियो अभियान सफल बनाने का आह्वान

नजीबाबाद। पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर तहसीलदार सुरेश कुमार ने किसी तरह की कोताही न बरतने की चेतावनी दी।पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। आगामी पांच अगस्त को पल्स पोलियो अभियान को लेकर ग्राम प्रधान, सेकेट्री, सभासद, राशन डीलर, लेखपाल, आंगनबाड़ी सहित विभागों से सहभागिता करने के निर्देश दिये गये।

डा. सुशील कुमार ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए पोलियो रैली निकाले तथा बुलल्वा टोली बनाई जाये। इस प्रकार तिलकराज चांदना, अरविन्द कुमार, डा. संजय वर्मा, अनिता सैनी, अंजता देवी, गौरव कुमार, शाहना परवीन, अमित कुमार, अनुपम माहेश्वरी, नौशाद अहमद, दीपक कुमार, ऋषिपाल आदि उपस्थित थे।

डीआईओएस कार्यालय पर 28 जुलाई को धरना प्रदर्शन सफल बनाने का आह्वान

नजीबाबाद। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर 28 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मलिक ने धरना प्रदर्शन में शामिल होने का शिक्षकों का आह्वान किया।

मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कालेज में प्रान्तीय उपाध्यक्ष की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष विनेश त्यागी की अध्यक्षता एवं विनोद कुमार के संचालन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि संघ के प्रान्तीय आह्वान पर 28 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें वर्ष 2005 से पूर्व शिक्षकों की भांति पुरानी पेंशन बहाली, कैशलैश चिकित्सा सुविधा, वित्तविहीन शिक्षकों को न्यूनतम 25 हजार मानदेय देने आदि की मांग को आंदोलन किया जायेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष उदयराज सिंह, ब्रजवीर सिंह, विनोद कुमार, अवनीश अग्रवाल, संजीव राणा आदि ने विचार रखे।

अवैध खनन होता पाया तो होगी सख्त कार्यवाही : खनन निरीक्षक

नजीबाबाद। नजीबाबाद पहुंची खनन निरीक्षक ने खनन पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध के चलते क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने खनन पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाने की बात कही। मंगलवार को खनन निरीक्षक ने नजीबाबाद क्षेत्र का दौरा किया। खनन निरीक्षक डॉ. रंजना सिंह ने बताया कि रेत-बजरी के खनन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, यदि क्षेत्र में अवैध खनन होते पाया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में नया शासनादेश जारी हुआ है। उन्होंने बताया कि नए शासनादेश के अनुसार 15 टन से अधिक खनन सामग्री नहीं ले जाई जा सकती। ट्रेंडिंग करने वालों के लिए उन्हें लाइसेंस लेना आवश्यक है। रेत-बजरी के स्टॉक के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंस के बिना रेत-बजरी का स्टॉक नहीं किया जा सकता। नजीबाबाद सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में लोग अवैध स्टॉक करके बिक्री कर रहे हैं। इस पर खनन निरीक्षक ने कहा कि यदि अवैध खनन स्टॉक पकड़ा जाता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के रेत-बजरी का स्टॉक गैरकानूनी है। नगरपालिका परिषद, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व खनन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ऐसे लोगों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। खनन अधिकारी ने अवैध खनन की सूचना सीधे उन्हें देने की बात कही।

सूचना

पूर्व में मेरा नाम मौ. नदीम था तथा मेरी जन्मतिथि 30.09.1990 थी, जो कि गलत है। मेरे हाईस्कूल के प्रमाण पत्रों के अनुसार सही नाम नदीम पुत्र नाजिम तथा सही जन्मतिथि 30.12.1993 (30 दिसम्बर 1993) है। अब मेरे सही नाम नदीम के नाम से जाना व पहचाना जाये तथा सही जन्मतिथि 30.12.1993 मानी जाये।-नदीम पुत्र नाजिम, निवासी मौहल्ला भाटान, बिजनौर (उ.प्र.)

लायनेस क्लब संकल्प ने चलाया तम्बाकू व पॉलीथीन के खिलाफ अभियान

नजीबाबाद। लायनेस क्बल संकल्प द्वारा तम्बाकू एवं पॉलीथीन से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। क्लब की सदस्यों ने स्कूली बच्चों को अखबार एवं कागज के थैले बनाने सिखाये।

लायनेस क्लब की रीजनल चेयरपर्सन ला. रश्मि गुप्ता के निर्देशन में जन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शहर के लोगों में जागरूकता लाने के लिए तम्बाकू एवं पालीथीन के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया गया है। हरनाम सिंह स्कूल में बच्चों को पालीथीन के प्रयोग से होने वाले नुकसान से अवगत कराया। बाजार कल्लूगंज में तम्बाकू और पॉलीथीन से होने वाले नुकसान से बचने के संदेशों के बैनर लगवाये गये। लायनेस क्लब संकल्प की अध्यक्षा नीलम माहेश्वरी ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए नागरिकों में जागरूकता लानी होगी। नगर में पॉलीथीन पूर्ण प्रतिबंध के लिए हम सभी को आगे आना होगा। इस अवसर पर सचिव रिंकू जैन, किरन वर्मा, ज्योति अग्रवाल, नीरू तागरा, रजनी तागरा, अंजु अग्रवाल आदि क्लब की महिलाएं उपस्थित रहीं।

वीर सिंह ने किया दुकान का उद्घाटन

चांदपुर। नगर के फव्वारा चौक पर खुले एक्समार्ट रेडीमेट गारमेंटस की दुकान का शुभारम्भ वीर सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर हेमन्त चौधरी, निरंकार सिंह, प्रमोद सिंह, ओमकार सिंह, अमित चौधरी, शगुन चौधरी, कौशल चौधरी, विनीत चौधरी, चुनमुन, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

विद्युत कटौती से लोगों में रोष

चांदपुर। भीषण गर्मी के बावजूद नगर में दिन व रात के समय में बड़े पैमाने पर की जा रही विद्युत कटौती को लेकर नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तो भीषण गर्मी उपर से दिन व रात के समय में बड़े पैमाने पर की जा रही विद्युत कटौती के कारण बच्चों व बीमार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

धामपुर। दिशा इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी धामपुर का बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा टीना मुथरेजा ने 77.57 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सुप्रिया अग्रवाल ने 74.28 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा श्रुति शर्मा ने 73.85 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल जी एवं महासचिव मुकेश अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। संस्था के निदेशक डा. सचिन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी टापर्स को शुभकामनाएं दी तथा शेष छात्राओं को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डा. एकता मलिक, गौरव मलिक, एके सविता, नृपेन्द्र शर्मा, विवेक शर्मा, मौ. साबिर, सौरभ कुमार, अभिषेक राणा, जितेन्द्र सिंह, उदित कुमार, आकांक्षा, नाजिस, शैफाली, चेतन भल्ला आदि ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

संगठन को मजबूत करेंगे टैंट व्यापारी

नजीबाबाद। नजीबाबाद टैंट व्यापार एसोसिएशन की एक बैठक नगर के चांदनी मैरिज हाल में आयोजित की गई। बैठक में टैंट व्यापारियों ने संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक एवं मुख्य अतिथि तसनीम सिद्दीकी ने टैंट व्यापारियों से एकजुट होकर अपना व्यापार करने तथा ग्राहकों के हितों का भी पूरी तरह से ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी लड़ाई एकता से ही जीती जा सकती है। अपने अधिकारों को पाने के लिए संगठन की जरूरत होती है। संगठन से ही समस्याओं का हल किया जाता है। एसोसिएशन के महामंत्री सैय्यद राहत अली ने टैंट कारोबारियों से संगठन 8 सितम्बर 2018 को बरेली में आयोजित होने वाले दो दिवसीय महाअधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। मौ. अख्तर की अध्यक्षता एवं सलीम अहमद के संचालन में बैठक में इकबाल अहमद, मौ. अजमल, लड्डन खां, हाजी निसार, वाहिद हसन आदि मौजूद रहे।

पत्रकार की भाभी के निधन पर शोक

नजीबाबाद। नगर के हिमालयन कालोनी निवासी पत्रकार टीएस मलिक की भाभी श्रीमती अंजु पत्नी राजेंद्र का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के पत्रकारों अंकित राजपूत, शाही अराफात, नौशाद मुल्तानी, अवधेश शर्मा, धर्मवीर सिंह चौहान, नईम सिद्दीकी, जफर जैदी, जईम हैदर, जकी मलिक आदि ने शोक जताया है।

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., स्नेह रोड, नजीबाबाद (बिजनौर)

निविदा सूचना

इस चीनी मिल के सुरक्षित 39 वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर पेराई सत्र 2018-19 में क्रय किये जाने वाले गन्ने की लोडिंग-अनलोडिंग सहित सुरक्षित परिवहन कार्य हेतु दिनांक 25.07.2018 से 06.08.2018 तक ई-निविदायें अनुभवी ठेकेदारों/ट्रक मालिकों से आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक 07.08.2018 को 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र धरोहर धनराशि निविदा फार्म के मूल्य आदि की जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है तथा कार्यालय से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त वाह्य क्रय केन्द्रों पर तौल यंत्र स्थापना हेतु फाउण्डेशन निर्माण/मरम्मत, नल लगाने एवं झोपड़ी बनाने, गन्ना तौल कटि के परिवहन कार्य, चीनी मिल फार्म पर कृषि कार्य एवं टिशू कल्चर लैब से संबंधित कार्यों की अलग-अलग निविदायें दिनांक 08.08.2018 को तथा चीनी मिल में वर्ष 2018-19 के लिये लेखन सामग्री तथा प्रिंटिंग स्टेशनरी की आपूर्ति हेतु जीएसटी में पंजीकृत स्टाकिस्टों/आपूर्तिकर्ताओं व मुद्रकों से दिनांक 09.08.2018 अपरान्ह 2.30 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो कि इसी तिथि को 3.30 बजे खोली जायेगी। गन्ना परिवहन कार्य के अतिरिक्त उपरोक्त अन्य कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी एक अथवा समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।-दानवीर सिंह, प्रधान प्रबंधक

हिन्दू वाहिनी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बने आशु विश्नोई

ठाकुरद्वारा। हिन्दू वाहिनी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष आशु विश्नोई मुखिया साहब वने। अध्यक्ष बनते ही गांव मे खुशी की लहर दौड़ी गई, जिससे गांव के गणमान्य लोग घर उनके घर बधाई देने पहुंच और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। आशु विश्नोई ने बताया कि लालापुर पीपलसाना में एकता के प्रतीक सभी समाज के हित में सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मौजूद मोहम्मद रफी समाजसेवी, चौ. राहुल विशनोई, चौ. सचिन विशनोई, मनवीर विश्नोई, राजेंद्र सैनी, मुन्ने खां अंसारी आदि ने बधाई दी और ग्राम लालापुर पीपलसाना में एकता के प्रतीक सभी समाज के हित में सेवा करने का संकल्प लिया ।

कार्यालय ग्राम पंचायत कश्मीरी, विकास खण्ड आकू, नहटौर (बिजनौर)

पत्रांक : /ग्रा.पं./च.रा.वि./चौ.वि./2018-19 दिनांक :

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ग्राम पंचायत कश्मीरी में मुहरबंद निविदाएं ठेकेदारों से दिनांक 28.07.2018 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन उसी स्थान प्रा.वि./कार्यालय ग्राम पंचायत कश्मीरी में सचिव/प्रधान द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी, निविदाएं आमंत्रित करते समय संबंधित ठेकेदारों द्वारा पंजीकरण आदि अभिलेखों की छाया प्रतियां प्रस्तुत की जायेंगी। समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार संबंधित सचिव/प्रधान, ग्राम पंचायत कश्मीरी का होगा। कार्यों की निविदा हेतु निविदा पत्र दिनांक 27.07.2018 को ग्राम पंचायत कश्मीरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र.	कार्य का विवरण	प्राकलन की धनराशि	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	महराज (हेमराज) की दुकान से टंकी तक सीसी निर्माण कार्य।	177368/-	5 प्रतिशत	2 माह
2.	विक्रम के घर से नेतराम के घर तक सीसी निर्माण कार्य।	114613/-	5 प्रतिशत	2 माह
3.	मन्दिर से क्षेत्रपाल के घर तक सीसी निर्माण कार्य।	158616/-	5 प्रतिशत	2 माह
4.	तरुण के घर से प्रीति के घर तक सीसी निर्माण कार्य।	102163/-	5 प्रतिशत	2 माह
5.	मास्टर रामलाल की दुकान से ओमप्रकाश की दुकान तक सीसी निर्माण कार्य।	138712/-	5 प्रतिशत	2 माह

शर्तें :-
1. नियमानुसार देय सभी कर देने होंगे।
2. कोई भी निविदादाता जो राज्य सरकार की काली सूची में दर्ज हो वह उक्त प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे।
3. राज्य बार कौंसिल में पंजीकृत कोई भी अधिवक्ता निविदा लेने के पात्र नहीं होंगे।
4. विशिष्ट परिस्थितियों में निविदा जमा व खोलने के समय में कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में सूचना पट पर प्रदर्शित की जायेगी।
5. निविदा स्वीकृति उपरान्त कार्य आदेश पश्चात संबंधित को दो दिनों के भीतर कार्य प्रारम्भ करना होगा।
6. कार्य संबंधी समस्त शर्तें व अभिलेख किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय/प्रा.वि. कश्मीरी में देखे जा सकते हैं।
7. उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ही स्वीकृत निविदा के ठेकेदार को कार्य आदेश/कार्य का भुगतान किया जाता रहेगा।

सचिव, ग्राम पंचायत, कश्मीरी प्रधान, ग्राम पंचायत, कश्मीरी

एसबीडी कालेज में पेंटिंग प्रतियोगिता

धामपुर। एसबीडी महिला महाविद्यालय धामपुर के एनसीसी विभाग की ओर से स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप 2018 विषय के अन्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ केडिटों द्वारा एनसीसी गीत हम सब भारतीय हैं से किया। कार्यक्रम में विषय समीक्षा केयर टेकर डा. मीनाक्षी सिंह द्वारा की गयी। अपने उद्बोधन में डा. मीनाक्षी सिंह ने कहा कि बेटियों को पढ़ाना आने वाले समय को सुरक्षित करना है। साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए अपने बच्चे को अच्छे संस्कार देना अति आवश्यक है, जिससे समाज को सही दिशा और दशा मिल सके। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विषय में सम्बंधित सुन्दर पोस्टर तैयार किये। जिसमें प्रथम शिल्पी सिंह, द्वितीय तनु, तृतीय पल्लवी रही। प्रतियोगिता का निर्णय प्राचार्या डा. पूनम चौहान, सुश्री फरहाना हाशिम, डा. अलका मित्तल ने किया। प्रतियोगिता में डा. रेनू सिंह, डा. पूनम रानी, डा. नेहा बंसल, श्रीमती सोनम, कु. अंजलि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या के उदबोद्धन से किया गया।

संस्कारशाला में 27 को होगा पौधारोपण

29 को कलश यात्रा के बाद शुरू होगी शिव पुराण कथा

धामपुर। स्योहारा चुंगी राजपूत विहार कालोनी स्थित 'अनन्त श्री शिव शक्ति पीठ एवं संस्कारशाला' धामपुर पर आचार्य डॉ. दिनेशचन्द्र भारद्वाज के सान्निध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव पूजन 27 जुलाई प्रातः 8 बजे से दोपहर 11 बजे तक विशेष पूजन पाठ के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर पूजन पाठ तथा गुरू कीर्तन, भजन का आयोजन किया जायेगा। 'अनन्त-नियति विश्वशान्ति चैरिटेबल ट्रस्ट' के बैनर तले एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में राजीव त्यागी ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के अवसर पर संस्कारशाला के प्रांगण में 108 औषधीय पौधे रोपित किये जाएंगे। ट्रस्ट से जुड़े डॉ. एके सक्सेना ने बताया कि 29 जुलाई, रविवार को सायं 4 बजे से यही संस्कारशाला से विशाल कलश यात्रा प्रारम्भ होकर नगर में भ्रमण करते हुए राजगाड़ियों की धर्मशाला बड़ी मण्डी में पहुंचेगी। जहां 11 दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण की कथा प्रारम्भ होगी। कथा का समय सायं 4 बजे से व 7 बजे रहेगा। 8 अगस्त बुधवार में विशाल भण्डारा होगा। इस अवसर पर यतेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, विरेश चौहान, शैलेन्द्र चौहान, अरूण पटवारी, खूब सिंह, पारस, परमवीर, वेदप्रकाश लेखपाल, सतेन्द्र, अनन्त भारद्वाज, प्रणव भारद्वाज, विकास वशिष्ठ, विक्रम राणा, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

ट्रेन से गिरकर युवक घायल, उपचार के दौरान मौत, नहीं हुई शिनाख्त

अमरोहा। ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया और ट्रैक पर पड़ा हुआ घन्टों तक तड़पता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे की जानकारी मिलने के बाद भी घटनास्थल पर न तो जीआरपी पहुंची और न ही थाना पुलिस। घायल को 108 एम्बुलेंस से आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को समय करीब 11 बजे कैलसा ट्रैक के गेट नम्बर 22 पर एक अज्ञात व्यक्ति अचानक ट्रेन से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक से गुजर रहे किसी राहगीर ने जीआरपी व थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। हैरत की बात तो ये है कि घायल घन्टों तक ट्रैक पर ही पड़ा हुआ तपड़ता रहा, लेकिन कोई भी पुलिसकर्मी घायल को देखने तक नही पहुंचा। हादसे की खबर 108 एम्बुलेंस को दी गई। सूचना पाकर 108 एएलएस एम्बुलेंस ईएमटी हरीश कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गये। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। घायल के जिला अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों की टीम घायल को उचित उपचार देने में जुट गई। लेकिन उपचार के दौरान घायल ने दमतोड़ दिया। देर रात तक घायल की शिनाख्त नही हुई।

चिकित्सक ने मृतक की जेब से किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव 72 घन्टों के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। 72 घन्टे के बाद भी शिनाख्त नहीं होती है तो शव का अन्तिम संस्कार लावारिसों में किया जायेगा।

सिनेमा
सरगम थियेटर चांदपुर
DOLBY DIGITAL IN SELECTED THEATRES
में आज
पैसा वसूल

बिजली का कट नहीं होगा, आवाज सुनें कभी इधर, कभी उधर से

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वात्वाधिकारी **विनीता रघुवंशी** ने आदर्श प्रिंटर्स नई बस्ती, बिजनौर में मुद्रित करा कर बिजनौर टाइम्स रोड, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-**चन्द्रमणि रघुवंशी**, संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**। आर. एन. आई. नं. 9756/63 टेलीफोन-260002, 262603 फैक्स नं.-01342-262602, डाक पंजीयन संख्या यूपी बीजेएन-13/2016-2018 E-Mail: bijnor_times@yahoo.co.in वेबसाइट-www.bijnortimes.in

सार संक्षेप

17 महिलाओं व 3 पुरुषों ने कराई नसबंदी

हल्दौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर पर आयोजित नसबन्दी कैम्प में 17 महिलाओं व तीन पुरुषों की सफलतापूर्वक नसबन्दी की गई।

नसबन्दी शिविर में अमरोहा से आयी डॉ. प्रभा रानी एवं उनकी टीम की ब्रजबाला, सुमन सिंह, सिंधु ने 17 महिलाओं का सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया। नसबन्दी शिविर में सीचसी के प्रभारी चिकित्सक डॉ. मदनपाल, सुधीर कुमार, कपिल शर्मा, जयपाल सिंह, कृष्ण स्वरूप शर्मा, संदीप कुमार, सरिता चतुर्वेदी सहित क्षेत्र की सभी एएनएम उपस्थित रही।

9 के खिलाफ लिखाई विद्युत चोरी की रिपोर्ट

अफजलगढ़। बिजली चोरों व बड़े बकायादारों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही से हड़कम्प मचा हुआ है। बिजनौर से आई विजिलेंस टीम के साथ ग्राम भटपुरा में छापा मारकर 9 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ जाने पर रेहड़ थाने में मुकदमा लिखाया गया व पांच कनेक्शन काटे गये। जेई आरके मौर्य ने बताया कि कल ग्राम भटपुरा में एक लाख तीस हजार रुपये बकायदारों से वसूले गये। जेई आरके मौर्य ने बताया कि उनके साथ बिजनौर से आये विजिलेंस टीम के इंस्पेक्टर तीरथ सिंह व उनकी टीम थी। उधर कल शाम अफजलगढ़ के धामपुर रोड स्थित बिजली के पांच बड़े बकायादारों के कनेक्शन काटे गये। उन पांचों कनेक्शन धारकों पर दो लाख सात हाजार रुपये बकाया थे। जबकि 75 हजार रुपये बड़े बकायादारों से वसूल गए। इस अवसर पर जेई आरके मौर्य के साथ हरिशंकर, मौ. अकबर, सतेन्द्र कुमार, घनश्याम सिंह आदि लोग मौजूद थे। जेई आरके मौर्य ने कहा कि बकाया वसूली बकायादारों से जारी रहेगी।

7 किलो पालीथीन जब्त की, 1700 रुपए का जुर्माना वसूला

अफजलगढ़। अफजलगढ़ नगर पालिका द्वारा प्लास्टिक पॉलीथीन चेकिंग अभियान में सात किलो पालीथीन जब्त करने के साथ-साथ 1700 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजवीर सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर अफजलगढ़ को पॉलीथीन मुक्त करने के लिए चेकिंग अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी के पास प्लास्टिक की थैली पाये जाने पर सात हजार रुपये तक का जुर्माना लिया जा सकता है। उन्होंने नगर के सभी दुकानदारों व ठेलों वालों से अपील कि प्लास्टिक की थैली का प्रयोग बंद करके कागज़ की थैली व कपड़ों के थैलों का प्रयोग करें। इस अवसर पर उनके साथ रोबिन अग्रवाल, साबिर हुसैन, विरेन्द्र गुप्ता, जेई राजपति यादव, शाकिर हुसैन, मुशर्रफ हुसैन आदि लोग साथ थे।

बाइक से टकराकर वृद्धा की मौत, बाइक सवार घायल

अफजलगढ़। मोटर साइकिल की चपेट में आकर वृद्धा की मौत हो गई, जबकि मोटर साइकिल सवार घायल हो गया। मंगलवार की सुबह भूतपुरी-जसपुर मार्ग स्थित सुआवाला गांव में बस से उतरकर अभयराजपुर निवासी चंदो देवी (80 वर्ष) पैदल जा रही थी,तभी मोटर साइकिल सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे चंदो देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार गिरकर घायल हो गया जिसे सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जैसे ही मृतका के परिजनों को घटना की सूचना मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची डायल 100 ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुर्गी फार्म से बैटरे चोरी

मंडावर। मुहल्ला फराश टोली निवासी शमशीद ने मोहल्ला कस्साबान में मुर्गी फार्म खोल रखा है। वहां रात को चौकीदार रहता है। चोरों ने पीछे से जाली तोड़कर दो बैटरे चुरा लिये। चौकीदार सुबह सवेरे नमाज पढ़ने चला गया जब वापिस आ कर ताले खोलकर देखा तो मुर्गी फार्म के पीछे की जाली उखड़ी हुई थी और दोनों बैटरे गायब थे। चौकीदार ने इसकी जानकारी शमशीद को दी।

पुलिस ने दबोचा अंतर्राज्जीय वाहन चोर गिरोह

15 बाइकें बरामद, बेचने के लिए मेरठ ले जाने की तैयारी कर रहे थे

बिजनौर। थाना शहर कोतवाली बिजनौर पुलिस ने हल्की मुठभेड़ के बाद बाइक चोरों के एक अंतर्राज्जीय गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गये चोर अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई 15 बाइकों को बेचने के लिए मेरठ ले जाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी उमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राज्जीय वाहन चोर गिरोह के 4 सदस्य मंडावर रोड स्थित मॉर्डन ऐरा पब्लिक स्कूल के पास एक अविकसित कॉलोनी में इकट्ठा की गई चोरी की 15 बाइकों को बेचने के लिए मेरठ ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। आरोप है कि चोरों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस टीम की घेराबंदी के कारण वे भाग नहीं सके। पकड़े गये चोरों के पास से 315 बोर के दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस व दो चाकू बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गये चोरों ने अपने नाम देवेंद्र उर्फ भोलू पुत्र होरी सिंह निवासी ग्राम बाकरपुर गढ़ी थाना बिजनौर, हिमांशु पुत्र असवेंद्र निवासी ग्राम हमीदपुर थाना बिजनौर, राहुल पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम गैबलीपुर थाना मण्डावर व संदीप उर्फ चरन पुत्र सौपाल निवासी ग्राम झलरी थाना बिजनौर बताये। उन्होंने बताया कि वे बिजनौर तथा आसपास के जिलों व राज्यों से मोटरसाइकिलें चोरी कर देवेंद्र उर्फ भोलू के घर पर इकट्ठा कर लेते थे। बाद में इन बाइकों को बड़े शहरों में ले जाकर बेच देते थे। एसपी के अनुसार पकड़े गये चोर शातिर हैं। वे पहले भी वाहन चोरी में पकड़े गये हैं। चोरों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाल बिजेंद्र पाल राणा, दरोगा सतीश कुमार, पवन कुमार, एसएसआई देवेंद्र कुमार गौड़, राजकुमार राणा व 8 सिपाही शामिल थे। एसपी ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है।

बदमाशों ने दिनदहाड़े स्कूटी सवार युवती के गले से चेन झपटी

शेरकोट। धामपुर से शॉपिंग कर घर लौट रही स्कूटी सवार युवती के गले से दिनदहाड़े दो बाइक सवार बदमाश सोने की चेन खींच कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक कर बदमाशों की शिनाख्त करने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरकोट के मोहल्ला शेखान निवासी शिक्षक एवं पत्रकार विजय वर्मा की पुत्री शालिनी वर्मा मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे अपनी रिश्ते की बहन के साथ स्कूटी द्वारा धामपुर से शॉपिंग कर घर लौट रही थी। जब वह आर एस एम कॉलेज के निकट पहुंची तो पीछे से एक बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक आए और चेन खींचने के लिए शालिनी के गले पर झपट्टा मारा। चेन हाथ में न आने पर बदमाशों ने लात मारकर स्कूटी को गिरा दिया और शालिनी के गले से चैन खींच कर शेरकोट की ओर फरार हो गये। पीड़ित ने तुरंत घटना की सूचना डायल 100 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता से जानकारी कर काफी दूर तक बदमाशों को तलाश कर घटनास्थल के आसपास हाईवे पर लगे रहे सी सी टी वी कैमरों को चेक किया, जिसमें बाईक सवार दो युवक पीड़िता के साथ-साथ चलते दिखाई दिये परन्तु उनके चेहरे साफ नहीं दिखाई दिये। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दी है। हाईवे पर दिनदहाड़े हुई घटना से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अरमान आलम,विपिन कर्णवाल, अबरार अहमद, अनीस खान एड. शहबाज व शेरकोट के पत्रकार भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से शीघ्र खुलासा करने की मांग की।

बाइक सवार बदमाशों ने लात मारकर गिरा दी थी स्कूटी

कांठ पुलिस का चांदपुर में छापा, आभूषण व बैटरे बरामद

चांदपुर। कांठ पुलिस ने नगर में दो स्थानों पर छापा मारकर चोर द्वारा बेचे गए आभूषण व बैटरे को लेकर वापस लौट गई। बताया जाता है कि कांठ पुलिस ने चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक की निशानदेही पर नगर में दो स्थानों पर छापामारी कर चोर द्वारा गिरवी रखे गए आभूषण व दुकानदार को बेचे गए बैटरे को कब्जे में लेकर अपने साथ ले गई।

तालाबों की कब्जामुक्त भूमि का चिन्हीकरण किया

हल्दौर। जिलाधिकारी के निर्देश पर चकबन्दी विभाग की टीम ने ग्राम समाज की भूमि में स्थित तालाबों की भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए हल्दौर पहुंच कर चिन्हीकरण की कार्यवाही की। आज बुधवार को तहसील व चकबन्दी विभाग की टीम नगर में कब्जा मुक्ति अभियान शुरू करेगी, जिसके चलते अवैध कब्जाधारकों में हड़कम्प्प मचा है।

मंगलवार को हल्दौर पहुंची चकबन्दी विभाग की टीम ने हल्दौर-कूकड़ा सम्पर्क मार्ग पर ग्राम समाज की भूमि को चिन्हित करने की कार्यवाही की। सहायक चकबन्दी अधिकारी जगवीर सिंह ने बताया कि आज तहसील व चकबन्दी विभाग की टीम सन्युक्त रूप से ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्यवाही करेगी। उन्होंने बताया कि नगर में गाटा संख्या 1752, गाटा संख्या 15, 41ए एवं 369 सहित ग्राम समाज की भूमि पर बने चार तालाबों की भूमि को चिन्हित किया गया है। मौके पर विभाग की टीम में कानूनगो गोवर्धन सिंह, लेखपाल विकास कुमार, नीरज चौहान व सूरज सिंह सहित नगर व क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। चिन्हीकरण की कार्यवाही के चलते अवैध कब्जाधारियों में हड़कम्प मचा रहा।

बहन से झगड़ा होने के बाद युवती ने नहर में छलांग लगाई

नजीबाबाद। बहन से झगड़ा होने से नाराज युवती ने जान देने के लिए जलालाबाद नहर में छलांग लगा दी। युवती के नहर में कूदने की सूचना मिलने पर तुरंत डायल 100 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को नहर में डूबने से बचा लिया। मंगलवार की सुबह जलालाबाद के एक मौहल्ला निवासी युवती का अपनी बहन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। युवती इससे क्षुब्ध होकर जलालाबाद नहर पर पहुंच गई तथा उसने नहर में छलांग लगा दी। युवती को नहर में कूदता देख किसी ने इसकी सूचना 100 डायल पुलिस को दे दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर नहर में कूदी युवती को नहर से निकाल कर बचा लिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह यादव ने जलालाबाद चौकी प्रभारी कर्मजीत सिंह को मौके पर भेजकर युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

चांदपुर में हटवाया गया अतिक्रमण, हड़कम्प मचा

चांदपुर। उपजिलाधिकारी चांदपुर व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने नगर के अम्बेडकर चौक व रोडवेज बस स्टैण्ड के आसपास अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटवाया। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटवाये जाने की खबर से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मच गया। मंगलवार की दोपहर को उपजिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार मिश्रा ने नगर के अम्बेडकर चौक व रोडवेज बस स्टैण्ड के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटवाया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी ने भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस ने रंगे हाथों पकड़े दो पशु चोर

मंडावली। पुलिस ने दो भैंस चुराकर उन्हें वाहन में लादकर ले जा रहे दो लोगों को रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों पशु चोरों का चालान कर दिया है। मंडावली थानाध्यक्ष राजीव त्यागी को एक वाहन में चोरी के पशु जाने की सूचना मिली। एसआई अमरपाल सिंह ने कांस्टेबिल गुरूमुख सिंह व संजीव कुमार के साथ एक स्थान पर छापा मारकर पिकअप वाहन संख्या यूपी 20 टी-7394 को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने वाहन में सवार दो लोगों शमीम उर्फ काला पुत्र बाबू निवासी ग्राम मसीता थाना हीमपुरदीपा व नासिर पुत्र मौहब्बत निवासी ग्राम रसूलपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के पास से तलाशी में एक चाकू व एक तमंचा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि वाहन में बरामद दोनों भैंसे मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर निवासी गजेंद्र सिंह के यहां से चुराई गई थी। जिसकी थाने पर रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों पशु चोरों का चालान कर दिया है।

स्नान कर रही महिला को बुरी नीयत से दबोचा

शिकायत करने गए पति के साथ मारपीट

नहटौर। घर में स्नान कर रही एक महिला को कामुक युवक ने अकेला देखकर बुरी नियत से दबोच लिया। शोर सुनकर पहुंचे लोगों को देखकर युवक भाग गया। पति के आने पर महिला ने उसे घटना अवगत कराया तो वह आरोपी के परिजनों के पास शिकायत करने पहुंचा। परिजनों ने आरोपी की तरफदारी करते हुए उल्टा उसके साथ ही मारपीट की। गांव द्वारकापुरी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। वह बिना किवाड़ के बाथरूम में नहा रही थी। इसी दौरान गांव का ही एक युवक हिमांशु पुत्र बिजेंदर उसके घर में घुस आया तथा उसकी पत्नी को बुरी नीयत से दबोच लिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। काम से लौटकर जब वह अपने घर आया तो उसकी पत्नी ने उसे घटना से अवगत कराया। जिस पर वह आरोपी के घर शिकायत करने गया। आरोप है कि आरोपी के दादा जगदीश, पिता बिजेन्द्र व चाचा प्रदीप ने हिमांशु की ही तरफदारी करते हुए उसके साथ भी मारपीट की।

युवक रहस्यमय ढंग से गायब, नई नवेली दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल

हल्दौर। क्षेत्र के ग्राम पैजनिया में एक युवक नई नवेली दुल्हन को छोड़कर घर से गायब हो गया। परिजनों ने युवक की तलाश की किन्तु उसका पता नहीं चला। युवक की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र के लोग युवक के विषय में तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। रविवार को क्षेत्र के ग्राम पैजनिया निवासी जोगेंद्र सिंह पुत्र जसवंत सिंह घर से हल्दौर जाने की बात कह कर गया था। दो दिन बाद भी घर वापस न लौटने पर युवक के परिजनों ने हल्दौर थाने पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। युवक की एक माह पूर्व 23 जून को ही शादी हुई थी। पति के गायब होने से नई नवेली दुल्हन का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं मामला गांव में चर्चा का विषय बना है।

युवती ने खुद को आग लगाई, हालत गम्भीर

नहटौर। गृह कलह से तंग युवती ने अपने आप को आग लगा ली। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। युवती को बिजनौर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया।

सोमबार करीब चार बजे रूगड़ी निवासी ज्योति पुत्री धर्मेन्द्र सैनी का किसी बात को लेकर अपने परिजनों से विवाद हो गया। आक्रोशित ज्योति ने अपने आप को आग लगा कर आत्मदाह करने का प्रयास किया। जब तक परिजनों ने आग बुझाई तब तक वह बुरी तरह झुलस गई थी। परिजन आनन फानन में उसे बिजनौर स्थित एक निजी चिकित्सालय में ले गये जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया। बताया जाता है कि युवती दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में भर्ती है जहां वह जिन्दगी और मौत के बीच झूल रही है। घटना को लेकर गांव में तरह- तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

29 को निकलेगी कलश यात्रा

अफजलगढ़। संत शिरोमणि रविदास मन्दिर कलश यात्रा ग्राम हीरापुर गोकल (गढ़वावाला) में रविवार को 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होगी। ये जानकारी पूर्व प्रधान गुमानी सिंह ने देते हुए बताया कि सुबह आठ बजे पूजा प्रारम्भ होगी व दस बजे से पूरे गांव में कलश यात्रा मन्दिर से शुरु होकर मन्दिर पर ही समाप्त होगी। कलश यात्रा के समाप्त होते ही मन्दिर पर ही सभी ग्रामवासियों के भोज की व्यवस्था भी रहेगी। मा. गोविंद सिंह व जयप्रकाश ने सभी ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों से अपील कि है कि 29 जुलाई को गांव व आसपास के लोग इस कलश यात्रा में शामिल होकर हमारा हौसला बढ़ायें।

बाइक सवार युवकों ने घर में घुसकर मारपीट की, तमंचे से फायर किए

कोतवाली देहात। क्षेत्र के गांव अलीपुर दामोदर उर्फ लल्लावाला में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल सवार एक दर्जन युवकों ने जान से मारने की नीयत से घर में घुसकर नरपाल सैनी के युवा पुत्र रविंदर को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर तमंचे से फायर करते हुए फरार हो गए। ग्रामीणों ने भागते हुए युवाओं की एक बाइक कब्जे में लेकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल से बाइक, कारतूस के चार खोखे व दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। नरपाल सैनी द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसका पुत्र रविंद्र सैनी पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ लगाता था। गांव के ही नितिन व पंकज पुत्रगण विनोद भी रेस लगाते थे। 2 दिन पूर्व उनकी रविन्द्र से कहासुनी व हल्की फुल्की मारपीट हो गई थी। बदले लेने के लिए नितिन व पंकज अपने साथियों के साथ लगभग 3 बजे रविंदर के परिवार की गैरमौजूदगी में उसके घर पहुंच गए, और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। हमलावरों की एक बाइक ग्रामीणों ने पकड़ ली।

कथित अपहृत किशोरी उत्तरकाशी से बरामद

नांगल सोती। स्थानीय पुलिस ने कथित रूप से अपहृत किशोरी को उत्तर काशी उत्तराखण्ड से बरामद कर लिया, हालांकि मुख्य अपहरणकर्ता पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पुलिस ने बरामद किशोरी को महिला थाने पहुंचा दिया। ज्ञातव्य है कि नांगल थानान्तर्गत ग्राम सरायआलम से गत 18 जुलाई को सुबह सवेरे एक किशोरी गायब हो गई थी। किशोरी को गायब करने का आरोप गांव के ही गैर बिरादरी के युवक पर लगा था। 22 जुलाई को किशोरी के बाप ने गांव के ही युवक शादाब, उसके पिता अल्लारक्खा, मां हसीना तथा चाचा भूरा के विरुद्ध अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में आईपीसी की धारा 363 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस किशोरी को बरामद करने के प्रयासों में लग गई थी। विवेचक एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि उन्हें किशोरी के उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी में होने का पता लगा था। सोमवार की रात्रि पुलिस व कथित अपहर्ता के परिजन उत्तरकाशी के लिए रवाना हो गए थे। मंगलवार की सुबह पुलिस ने परिजनों की पहचान कर कथित अपहर्ता को उत्तराकाशी के बस स्टैण्ड से बरामद कर लिया तथा शाम तक नांगल थाने पहुंच गए। विवेचक एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि मुख्य अपहरणकर्ता वहां हाथ नहीं लगा। विवेचक ने बताया कि कथित अपहर्ता को महिला थाने भिजवा दिया गया है, उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराकर कोर्ट में 164 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराए जाएंगे।

बेहतर सेवा के लिए आरक्षी हेमंत शर्मा व नन्द किशोर सम्मानित

बिजनौर। जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस की ट्विटर सेवा द्वारा जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों के प्रचार-प्रसार से प्रदेश पुलिस का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बढ़ाने हेतु सोशल मीडिया सैल में नियुक्त आरक्षी हेमन्त शर्मा व आरक्षी नन्दकिशोर को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रशस्ति.पत्र प्रदान किया गया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में दोनों आरक्षियों हेमन्त शर्मा व नन्दकिशोर को पुलिस महानिदेशक उ.प्र. लखनऊ द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र व एक हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

किरतपुर में जल्द होगा गढ़वाल एक्सप्रेस का स्टोपेज

किरतपुर। नगरवासियों के लिए गुड न्यूज यह है कि शीघ्र ही यहां गढ़वाल एक्सप्रेस ट्रेन का स्टोपेज होने वाला है। गढ़वाल एक्सप्रेस ट्रेन के स्टोपेज हेतू सांसद डा. यशवंत सिंह ने रेल मंत्रालय ट्रेफिक मेंबर को प्रपोजल भेज दिया है तथा उम्मीद की जा रही है कि अब बहुत जल्द ही यहां उक्त ट्रेन का स्टोपेज हो जाएगा। गौरतलब है कि उक्त ट्रेन के स्टोपेज हेतू समाजसेवी एडवोकेट तल्हा मकरानी यहां रेलवे स्टेशन पर पिछले 140 सप्ताह से साप्ताहिक धरना दे रहे हैं तथा अब उनकी मेहनत कामयाब होती नजर आ रही है। इसके अलावा आने वाला वर्ष भी चुनावी वर्ष है, इसलिए भाजपा सांसद भी इसमें रूचि ले रहे हैं।

जीएसटी टीम के छापे से हड़कम्प मचा

किरतपुर। जीएसटी की टीम ने हाइवे पर स्थित एक थोक कारोबारी की दुकान पर छापा मारा तथा अभिलेखों की जांच की। मंगलवार दोपहर असिस्टेंट कमिश्नर की टीम ने यहां नजीबाबाद रोड स्थित प्लाई के एक थोक विक्रेता के यहां छापा मारा। अधिकारियों की टीम ने लगभग 3 घंटे तक व्यापारी से पूछताछ की तथा अभिलेखों की जांच की। जीएसटी अधिकारियों के छापा मारे जाने से नगर में हड़कम्प मचा रहा। जांच उपरांत असिस्टेंट कमिश्नर विरेन्द्र कुमार ने बताया कि दुकानदार के अभिलेख कुछ अपूर्ण पाए गए हैं। पूर्णतया जांच के बाद कमी पाई गई तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

बिजली के टूटे तार ने ली तीन पशुओं की जान

नांगल सोती। ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से फैले विद्युत करंट ने तीन पशुओं की जान ले ली, जबकि एक और पशु गभीर रूप से झुलस गया है। जर्जर एचटी लाइन का तार बार-बार टूटने और विद्युत निगम द्वारा जर्जर लाइन को न बदले जाने से ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश है। नांगल क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय निवासी सीताराम पुत्र कृपाल के घर के ऊपर से 11 हजार वोल्ट्स की विद्युत लाइन गुजर रही है। सीताराम के पशु भी घर में ही बंधे रहते हैं। मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे विद्युतापूर्ति के दौरान उक्त एचटी लाइन का एक तार टटकर सीताराम के घर में गिर गया तथा जमीन में फैले उसके तीव्र करंट से सीताराम के घर में बंधे तीन पशु मौत के मुंह में समा गए। करंट से एक गाभिन भैंस तथा दो गाभिन गायों की मौत हो गई, जबकि एक बछड़ा बेहद गम्भीर रूप से झुलस गया। इस घटना से सीताराम के घर में कोहराम मच गया तथा मौके पर काफी ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने भागूवाला विद्युत उपकेन्द्र पर फोन कर विद्युतापूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों सीताराम, देवेन्द्र, विजेन्द्र, ग्राम प्रधान चतर सिंह, समन्द, अरविन्द, झड़िया, धर्मेन्द्र, कलवा, धर्मवीर आदि का कहना है कि उक्त विद्युत लाइन काफी जर्जर हो चुकी है। तारों में जगह-जगह जोड़ लगे हुए हैं। ग्रामीण इस जर्जर विद्युत लाइन को बस्ती से हटाए जाने की कई बार मांग कर चुके हैं, मगर विद्युत विभाग के कानों पर आज तक जूं नहीं रेंगी। भागूवाला विद्युत उपकेन्द्र के जेई कुलदीप कुमार का कहना है कि मौके पर लाइनमैन को भेजा गया है। मृत पशुओं के मुआवजे हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जर्जर लाइन को बदलने हेतु एस्टीमेट बनाकर भेजा जाएगा।

चांदपुर में पकड़ा गया डेढ़ कुंतल भैंस का मीट

डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज **महिलाओं ने किया पुलिस पार्टी पर पथराव**

चांदपुर। स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगर के मुहल्ला मुफ्ती सराय जमाईपुरा में एक घेर में छापा मारकर वहां से लगभग एक कुंतल भैंस का मांस, 5 खाल, भैंस का कटा सिर व पशु काटने वाली तीन छुरिया बरामद की। पुलिस को आता देख पशु काट रहे लोग वहां से भाग जाने में सफल हो गए। पुलिस ने इस मामले में 11 लोगों को नामजद करते हुए डेढ़ दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। बताया जाता है कि वहां मौजूद महिलाओं ने पुलिस पर पथराव भी किया। मंगलवार की तड़के लगभग 5 बजे मुखबिर की सूचना पर दरोगा रविन्द्र कुमार, चन्द्रवीर सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ मुहल्ला मुफ्ती सराय में हाशम के घेर में छापा मारा। पुलिस को देखकर वहां मौजूद लोग वहां से भाग खड़े हुए, पुलिस ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वे भाग जाने में सफल हो गए। पुलिस को मौके से लगभग एक कुंतल भैंस का मांस, 5 खाल, एक भैंस का सिर व तीन छूरी मिली, जिनको पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सक ने मांस का सैम्पल जांच के लिए ले लिया। इस मामले में पुलिस की ओर से सादिक उर्फ पीपा पुत्र आजम, मुस्तकीम, दानिश व मुकीम पुत्रगण मरगूब, जुबैर व शुऐब पुत्रगण हाशम, आबिद, हाशम, कासम, पुत्रगण, यासीन, मकसूद पुत्र मकबूल व सलीम पुत्र नसीम व 5-6 अज्ञात निवासी मुहल्ला मुफ्ती सराय चांदपुर के विरुद्ध धारा 269, 270 व 237 में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मांस पकड़े जाने की यह पहली वारदात नहीं

अवैध रूप से घर के अंदर मांस को काटे जाने की यह कोई पहली वारदात नहीं है, इससे पूर्व भी पुलिस नगर में कई स्थानों पर छापा मारकर अवैध रूप से मांस काटते हुए लोगों को पकड़ भी चुकी है, लेकिन उसके बाद भी नगर में अवैध रूप से पशुओं का कटान जारी है।